हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 257, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 मार्च, 2024 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

आत्मनिर्भर भारत के लिए हमें '400 पार' की जरूरत

ये कह रहे हैं शक्ति का विनाश करना है...', पीएम मोदी ने इंडी प्लान का किया जिक्र

सेलम। पीएम मोदी आज तमिलनाडु के सेलम में एक चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु कह रहा अबकी बार 400 पार। आज हमारा पूरा देश तमिलनाडु में भाजपा को मिल रहे अपार जनसमर्थन और प्यार को देख रहा है। लोग भाजपा को लेकर उत्साहित हैं और यही बात आई.एन.डी.आई. गठबंधन को परेशान कर रही है। उन्होंने आगे कहा,"तमिलनाडु ने तय कर लिया है कि 19 अप्रैल को हर वोट बीजेपी को, एनडीए को जाएगा। तमिलनाडु ने तय कर लिया है कि 'अबकी बार, 400 पार।' विकसित भारत के लिए हमें '400 पार' की जरूरत है। विकसित तमिलनाडु के लिए हमें '400 पार' की जरूरत है।' आत्मनिर्भर भारत के लिए हमें '400 पार' की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा,"अब तमिलनाडु ने ये तय कर दिया है कि 19 अप्रैल को एक-एक वोट बीजेपी को मिलेगा, एनडीए को मिलेगा। अब तमिल ये तय कर चुका है - अबकी बार 400 पार!" प्रधानमंत्री ने आगे

भाजपा के एक कार्यकर्ता रमेश का जिक्र करते हुए कहा, आज मुझे ऑडिटर रमेश की याद आ रही है। वह हमारी पार्टी के समर्पित नेता थे। वह एक महान वक्ता और बहुत मेहनती व्यक्ति थे। मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।" पीएम मोदी ने 'शक्ति' का जिक्र करते हुए कहा,"हिंदू धर्म में 'शक्ति' का मतलब है मातृ शक्ति, नारी शक्ति,लेकिन कांग्रेस और डीएमके का इंडी गठबंधन कह रहा है कि वह इस 'शक्ति' को नष्ट कर देगा।" हमारी सरकार तमिलनाडु के विकास और समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। निःशुल्क चिकित्सा उपचार से लेकर घरों में नल के पानी के कनेक्शन प्रदान करने तक, निःशुल्क राशन सुविधाओं से लेकर मुद्रा योजना के माध्यम से तमिलनाडु की महिलाओं को लाभान्वित किया गया। आज नारी शक्ति मोदी के साथ उनका सुरक्षा कवच बनकर खड़ा है।"

सीता सोरेन भाजपा में हुईं शामिल

रांची। राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का आंतरिक कलह सामने लगा है। इस क्रम में मंगलवार को जामा की पार्टी विधायक सीता सोरेन ने दल के महासचिव समेत प्राथमिक सदस्यता तक से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने झारखंड विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। सीता सोरेन ने अपना इस्तीफा झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन को प्रेषित किया है, जिसमें उन्होंने कई आरोप लगाए हैं। सीता सोरेन झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। उनका आरोप है कि पति के निधन के बाद से वे उपेक्षा की शिकार हैं। उन्हें पार्टी और परिवार से सदस्यों से अलग-थलग किया गया, जो उनके लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्हें उम्मीद थी कि समय के अनुसार परिस्थितियों में सुधार होगा, लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। उन्हें पति दुर्गा सोरेन ने खून-पसीने से झामुमो को बड़ा दल बनाया था। पार्टी अब उन लोगों के हाथ में चली गई है जिनका दृष्टिकोण और उद्देश्य हमारे आदर्शों से मेल नहीं खाते। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि शिबू सोरेन ने सबको एकजुट रखने का पूरा प्रयास किया, लेकिन वे विफल रहे।

कृष्ण जन्मभूमि विवाद में मुस्लिम पक्ष को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने मसाजिद कमेटी की याचिका का किया निपटारा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मसाजिद समिति की याचिका का निपटारा कर दिया। समिति ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने इस विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करने का फैसला लिया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंध न्यासी समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष आदेश वापसी की याचिका दायर करने की अनुमति दी। समिति ने हाईकोर्ट के 11 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है। पीठ ने आदेश दिया, ह्ययाचिकाकर्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को वापस लेने का अनुरोध किया है। हम मौजूदा विशेष अनुमति याचिका का निपटारा करते हैं और याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट में फिर से याचिका दायर करने की अनुमति देते हैं। समिति के वकील ने कहा कि 11 जनवरी के आदेश को वापस लेने का आवेदन हाईकोर्ट में लंबित है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि आवेदन को एक तारीख पर हाईकोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया जाए। हालांकि पीठ ने ऐसा कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया।

'5 न्याय और 25 गारंटी'... मेनिफेस्टो पर चर्चा; खरगे बोले- देश बदलाव चाहता है

नई दिल्ली। दिल्ली में कांग्रेस हेडक्वॉर्टर में सीडब्ल्यूसी की मीटिंग हुई। कांग्रेस की मीटिंग में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनावी घोषणापत्र (मेनिफेस्टो) पर चर्चा हुई। बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी मौजूद रहे। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में हमने कांग्रेस घोषणापत्र पर गहन विचार-विमर्श किया। मेनिफेस्टो कमेटी ने पहले ही ड्राफ्ट सीडब्ल्यूसी को मंजूरी के लिए भेज दिया था। मीटिंग के दौरान अध्यक्ष खरगे ने मौजूद नेताओं से कहा कि वे कार्यकताओं से मेनिफेस्टो में शामिल हर मुद्दे को देश के हर गांव और घर तक पहुंचाएं। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी (कांग्रेस) सिर्फ 'घोषणा पत्र' ही नहीं बल्कि 'न्याय पत्र' भी जारी करेगी ताकि लोगों को उज्ज्वल भविष्य दिखे। वहीं, दूसरी ओर, के सी वेणुगोपाल ने कहा कि सीडब्ल्यूसी ने पार्टी की गारंटी को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए रोडमैप तैयार किया है। के सी वेणुगोपाल ने आगे कहा कि सीडब्ल्यूसी ने कांग्रेस अध्यक्ष को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र को अंतिम मंजूरी देने, इसे जारी करने की तारीख तय कर ली है। कांग्रेस महासचिव संचार

प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आज हमारी जो बैठक हुई वह सिर्फ हमारे घोषणापत्र के लिए नहीं बल्कि हमारे 'न्याय पत्र' के लिए थी। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। आज की बैठक में हमारे एजेंडे पर चर्चा हुई। पिछले 63 दिनों से राहुल गांधी हमारे 5 न्याय की बात कर रहे हैं और 25 गारंटी की घोषणा की है। यह सिर्फ एक साधारण घोषणा पत्र नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण 'न्याय पत्र' है ताकि हमारे देश के लोग बेहतर भविष्य देख सकें। सीडब्ल्यूसी की बैठक में खरगे ने कहा कि देश उत्साहपूर्वक बदलाव की मांग कर रहा है। मौजूदा सरकार जिन गारंटियों का ढिंढोरा पीट रही है, उनका हश्र 2004 के 'इंडिया शाइनिंग' नारे जैसा ही होगा। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है कि हमारे घोषणापत्र को विभिन्न राज्यों में व्यापक प्रचार मिले और हमारी प्रतिबद्धताएं देश भर के हर घर और बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचाई जाएं।

अटल बिहारी वाजपेयी की बीजेपी सरकार ने 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान 'इंडिया शाइनिंग' का नारा दिया था और पार्टी चुनाव हार गई थी। खड़गे ने यह भी कहा कि गांवों, कस्बों में कांग्रेस कार्यकताओं को पार्टी के घोषणापत्र को हर घर तक पहुंचाने के लिए आगे आना होगा। खड़गे ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की भी सराहना की और कहा कि इसके माध्यम से कांग्रेस लोगों के वास्तविक मुद्दे पर देश का ध्यान आकर्षित करने में सक्षम थी। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ राजनीतिक यात्राएं नहीं थीं, बल्कि हमारे राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़े जन संपर्क आंदोलन के रूप में जानी जाएंगी।

शराब नीति पर भाजपा बनाम आपः पात्रा बोले- केजरीवाल के 9 समन और 18 बहाने, मंत्री आतिशी का ईडी से सवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ईडी समन पर पेश न होने पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि केजरीवाल समन के नाम पर डरा रहे हैं। बेल को राहत समझने की कोशिश न करें। नौ समन पर 18 बहाने लगा रहे हैं। दिन रात प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले समन से भाग रहे हैं। दिल्ली के मुख्यंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए संबित पात्रा ने कहा कि एक भी समन की केजरीवाल ने लाज नहीं रखी। मुख्यमंत्री टेक्निकल बहाने बना रहे हैं। अब उनके बाहने नहीं चलने वाले हैं। केजरीवाल को नौ समन 18 बाहने बना रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पात्रा ने कहा कि अगर आपको शक है तो समन भेजिए, आप जांच कराएं, जो हर दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करते थे। आज वो लोग समन से भाग रहे हैं। समन से डर रहे हैं। बीते छह महीने में नौ समन भेजे गए हैं। अक्तूबर से मार्च तक समन भेजा गया। लेकिन एक भी समन की लाज नहीं रखी। जांच एजेंसियों दस्तावेजों के आधार पर काम करती हैं। सबूत कहीं न कहीं छूट

ही जाते हैं। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि ईडी की तरफ से कल प्रेस रिलीज जारी की गई। प्रेस रिलीज जारी कर ईडी ने आरोप लगाया था कि आप ने रिश्वत ली। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली। शराब कांड में 100 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ ऐसा ईडी का आरोप है। ईडी इस बात को सुप्रीम कोर्ट में उठा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को अपने आदेश में खारिज कर दिया है। तो फिर ईडी इसको कल प्रेस रिलीज के माध्यम से क्यों उठा रही है? ईड क्यों प्रेल रिलीज दे रही है? क्या वो कोई पोलिटिकल पार्टी है? वो भी ऐसे आरोप पर प्रेस रिलीज दे रहे हैं जिन्हें सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुकी है। आगे कहा कि इससे स्पष्ट है कि प्रवर्तन निदेशाल सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक हथियार बन कर रह गई है। नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल से डर लगता है। यही कारण है कि ईडी को राजनीतिक हथियार बना कर प्रेस रिलीज के माध्यम से अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करवाने का माहौल बनाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर, एके-47 समेत हथियारों का जखीरा बरामद

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र बॉर्डर पर गढ़चिरौली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं। चारों माओवादी तेलंगणा स्टेट कमेटी के बताए जा रहे हैं। यह मुठबेड़ कोलामारका के जंगल में हुई। निरीक्षक शिव पाटिल ने घटना की पुष्टि की है। फिलहाल, मौके पर पुलिस की टीम मौजूद है। जहां पर नक्सलियों द्वारा इस्तेमाल किए गए लान्चर और बंदूकें भी बरामद हुई हैं। पुलिस ने जानकारी दी है कि सर्चिंग के दौरान और भी नक्सली लाश मिलने की संभावना है। एसपी गढ़चिरौली नीलोत्पल ने जानकारी देते हुए बताया कि गढ़चिरौली के कोलामरका पहाड़ों के पास सी60 और सीआरपीएफ क्यूएटी की कई टीमों के संयुक्त अभियान में चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इन नक्सलियों के पास से एक एके47, एक कार्बाइन और दो देशी पिस्तौल समेत नक्सली साहित्य और सामान भी बरामद हुआ है। नक्सलियों पर महाराष्ट्र सरकार ने 36 लाख रुपये का नकद इनाम घोषित कर रखा था। नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

राज ठाकरे ने की अमित शाह से मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव से भी मिले

मुंबई। लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में उठापटक जारी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचे। राज ठाकरे ने अमित शाह से मुलाकात करने के बाद कुछ देर उनसे बात की। बता दें कि राज ठाकरे सोमवार की रात को ही दिल्ली पहुंचे थे। मंगलवार को उन्होंने एक प्राइवेट होटल में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मुलाकात की। इस मुलाकात के खत्म होने के बाद ही एमएनएस प्रमुख, अमित शाह के आवास की तरफ रवाना हुए। इस दौरान उनके साथ विनोद तावड़े भी मौजूद थे।

एनडीए में शामिल हो सकते हैं राज ठाकरे- लोकसभा चुनाव से पहले सियासी गलियारों में चर्चा है कि राज ठाकरे एनडीए में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस

और राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले पहले से ही नई दिल्ली में मौजूद हैं।

दिल्ली पहुंचने के बाद सोमवार को राज ठाकरे ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, "मुझे अभी तक नहीं पता कि मेरा कार्यक्रम क्या है। मुझे तो बस दिल्ली आने के लिए कहा गया था और मैं दिल्ली आ गया।" महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी इस पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा और कोई निर्णय लिया जाता है तो आपको बताया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि एनडीए में राज ठाकरे की एमएनएस की एंट्री हो सकती है। भाजपा उन्हें शिंदे की शिवसेना कोटे से एक सीट की पेशकश कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, राज ठाकरे एनडीए से दो सीटों की मांग कर रहे हैं। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने इस बार महाराष्ट्र की 48 में से 45 प्लस लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। वहीं केंद्र में एनडीए का 400 से ज्यादाऔर भाजपा के अकेले का 370 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य है।

'सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाएं लोकसभा चुनाव', टीएमसी नेता की मांग; भाजपा ने किया पलटवार

कोलकाता। टीएमसी के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में लोकसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थानों को तबाह करने की कोशिश कर रही है। डेरेक ओ ब्रायन ने चुनाव आयोग को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। डेरेक ओ ब्रायन ने मंगलवार को आरोप लगाते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट किया। इस पोस्ट में डेरेक ओ ब्रायन ने लिखा कि 'भाजपा घटिया तरीकों से भारत में संस्थानों जैसे चुनाव आयोग को तबाह कर रही है। क्या भाजपा लोगों को सामना करने से डर रही है और इसी वजह से उन्होंने विपक्ष को निशाना बनाने के लिए चुनाव आयोग को अपने पार्टी कार्यालय में तब्दील कर लिया है।' डेरेक ओ ब्रायन ने लिखा कि 'निर्वाचित राज्य सरकारों के अधिकारियों का ट्रांसफर किया जा रहा है। हम निष्पक्ष और मुक्त मतदान के लिए चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट लोकसभा चुनाव 2024 की निगरानी करे।' गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सोमवार को अपने एक आदेश में पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार समेत कई राज्यों को गृह सचिवों का तबादला कर दिया है। चुनाव आयोग ने विवेक सहाय को नया डीजीपी बनाया है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक निकायों को नियंत्रित करना चाहती है। डेरेक ओ ब्रायन की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में आम चुनाव कराने की मांग पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि 'डेरेक ओ ब्रायन और उनकी पार्टी के नेता नया संविधान बनाना चाहते हैं। चुनाव आयोग के पास देश में चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। यह राज्य के निर्वाचन आयोग की तरह काम नहीं करेगा, जो वो सब करे, जो ममता बनर्जी उनसे कहेंगी।' उल्लेखनयी है कि चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के डीजीपी समेत छह राज्यों को गृह सचिवों को हटा दिया।

'पतंजलि' ने अवमानना नोटिस का नहीं दिया जवाब, सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव-बालकृष्णन को पेश होने का दिया आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेदिक कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण और योग गुरु रामदेव को सुनवाई की अगली तारीख पर पेश होने के लिए कहा है। दरअसल, बीमारियों के इलाज पर भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि और बालकृष्ण को अवमानना का नोटिस भेजकर जवाब मांगा था, जिसका इन लोगों ने जवाब नहीं दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कंपनी और बालकृष्ण की अदालत द्वारा पहले जारी नोटिसों पर जवाब दाखिल करने में विफल रहने पर कड़ी आपत्ति जताई। पीठ ने रामदेव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद को उसके उत्पादों के बारे में न्यायालय में दिए गए पूर्व के आश्वासनों के उल्लंघन और दवाओं के असर से जुड़े गलत दावों के मामले में कड़ी फटकार लगाई थी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी कर पूछा था कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों



नहीं शुरू की जाए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता पीएस पटवालिया ने याचिका में बताया था कि पतंजलि ने दावा किया था कि योग अस्थमा और डायबिटीज को 'पूरी तरह से ठीक' कर सकता है।

पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों को लेकर केंद्र से परामर्श और गाइडलाइंस जारी करने का आदेश दिया था। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और उसके अधिकारियों को मीडिया में (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह की) अन्य दवा प्रणालियों के बारे में कुछ गलत कहने के लिए आगाह किया था। कंपनी ने पहले अदालत के समक्ष अपने हलफनामे में ऐसा नहीं करने की बात कही थी। पिछले साल 21 नवंबर को, कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि आगे से कानून का कोई उल्लंघन नहीं होगा। कंपनी की ओर से हलफनामे में कहा गया था कि पतंजलि उत्पादों के औषधीय असर का दावा करने वाला कोई भी अनौपचारिक बयान या किसी भी दवा प्रणाली के खिलाफ कोई बयान या विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की उस याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें रामदेव पर टीकाकरण अभियान और आधुनिक दवाओं को बदनाम करने का अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। आईएमए ने आरोप लगाया कि पतंजलि ने कोविड-19 वैक्सीनेशन के खिलाफ एक बदनाम करने वाला कैंपेन चलाया था। इस पर अदालत ने चेतावनी दी थी कि पतंजलि आयुर्वेद की ओर से झूठे और भ्रामक विज्ञापन तुरंत बंद होने चाहिए। खास तरह की बीमारियों को ठीक करने के झूठे दावे करने वाले प्रत्येक उत्पाद के लिए एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने की संभावना जाहिर की। कोविड-19 महामारी के दौरान एलोपैथिक फार्मास्यूटिकल्स पर अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए आईएमए की ओर से दायर आपराधिक मामलों का सामना करने वाले रामदेव ने मामलों को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

दिल्ली शराब घोटाले में के. कविता ने गिरफ्तारी को दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, रिमांड का भी किया विरोध

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के कविता ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। के कविता ने साथ ही रिमांड ऑर्डर के खिलाफ भी सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। याचिका में कविता ने कहा कि रिमांड का आदेश संविधान के अनुच्छेद 141 के अनुसार नहीं है, जिसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा घोषित कानून सभी राज्यों की अदालतों के लिए भी बाध्यकारी होगा। के कविता ने पीएलएलए कानून की धारा 19(1) को भी चुनौती दी है। बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व सीएम के.चंद्रशेखर राव की बेटी के.कविता ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद अब अपनी ईडी के समन के खिलाफ दायर याचिका वापस ले ली है। के. कविता को ईडी ने बीती 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम के कविता को हैदराबाद से दिल्ली लेकर आई, जहां उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने के. कविता को 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ईडी का दावा है कि के कविता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर कथित तौर पर साजिश रची। जिसके तहत दिल्ली शराब नीति में फायदा पाने

के लिए आप नेताओं को करीब 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। के कविता को कथित दक्षिण लॉबी का हिस्सा बताया जा रहा है। दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी अब तक देशभर में 245 ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है और मनीष सिसोदिया, संजय सिन्हा और विजय नायर समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

संपादकीय

फिर-फिर पुतिन

एक बार फिर ब्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। वे पांचवीं बार राष्ट्रपति बने हैं। जो बताता है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज्य है। वैसे खुफिया एजेंसी प्रमुख से लेकर राष्ट्रपति बनने तक पुतिन की निरंकुश सत्ता लगातार परवान चढ़ती रही है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लायी गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। शासन, चुनाव तंत्र और मीडिया पर वर्चस्व रखने वाले पुतिन ने अपनी सुविधा का लोकतंत्र गढ़ा। यही वजह है कि पांचवीं बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे पुतिन का राष्ट्रपति बनना अटल सत्य था। उनके सामने जो तीन उम्मीदवार थे, कहा जाता है कि उन्हें क्रेमलिन की ओर से ही खड़ा किया गया था। वे पुतिन की तारीफ में कसीदे पढ़ते देखे गए। वह बात अलग है कि कुल वोट का 87 फीसदी हिस्सा मिलने के बाद पुतिन ने कहा कि रूसी लोकतंत्र कई पश्चिमी देशों के लोकतंत्र से ज्यादा सशक्त है। लेकिन जैसा कि पश्चिमी जगत आरोप लगाता रहा है कि पुतिन ने अपने तमाम विरोधियों को ठिकाने लगा दिया था और वास्तविक युद्ध विरोधियों को चुनाव लड़ने की इजाजत तक नहीं दी गई। वे उनके सशक्त विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की हालिया संदिग्ध मौत को इसी कड़ी का हिस्सा बताते हैं। नवेलनी समर्थकों ने रूस के शहरों व पश्चिमी देशों में रूसी दूतावासों के बाहर विरोध स्वरूप प्रतीकात्मक रूप से मतदान किया। उनका मानना रहा है कि रूस में एक भी प्रत्याशी ऐसा नहीं था, जिसकी विश्वसनीयता मानी जा सके। वहीं पश्चिमी देश कुछ लोगों की गिरफ्तारी का भी आरोप लगाते हुए कहते हैं कि चुनाव स्वतंत्र, पारदर्शी व निष्पक्ष नहीं रहा। दूसरी ओर जर्मनी जहां इन चुनावों को सेंसरशिप के बीच छद्म चुनाव बता रहा है,वहीं ब्रिटेन का आरोप है कि रूस द्वारा यूक्रेन के अधिकृत इलाकों में अवैधानिक तरीके से चुनाव कराए गए। निस्संदेह, साम्यवादी व्यवस्था वाले देशों में पूंजीवाद का भय दिखाकर राष्ट्रवाद की चाशनी में जिस तरह के लोकतंत्र को परिभाषित किया जा रहा है, उसकी बानगी हमारे पड़ोसी देश चीन में भी नजर आती है। जहां सत्ता से जुड़े प्रतिष्ठानों व सेना पर अधिकार करके मनमाफिक कार्यकाल के लिये चुनावों का प्रपंच रचा जाता है। सही मायनों में उस चुनाव का वास्तविक लोकंतत्र से कोई लेना-देना नहीं होता। बल्कि निरंकुश सत्ता को तार्किक बनाने की कवायद में लोकतंत्र का प्रहसन ही किया जाता है। दरअसल, निरंकुश सत्ताधीश सरकारी सूचना माध्यमों पर वर्चस्व कायम कर और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाकर सूचना के तमाम स्वतंत्र स्रोतों का प्रवाह बंद कर देते हैं,जिससे वास्तविक सूचना व लोकतांत्रिक आजादी से लोग वंचित रह जाते हैं। ऐसा नहीं है कि यूक्रेन में जारी दो साल लंबे युद्ध में रूस ने बड़ी कीमत न चुकायी हो, लेकिन सूचना माध्यमों से युद्ध में बढ़त के तौर पर दशार्या जा रहा है। यह विडंबना ही है कि उग्र राष्ट्रवाद के नाम पर निरंकुश सत्ताओं को पोषण का अनवरत सिलसिला दुनिया के तमाम देशों में जारी रहा है। विडंबना यही है कि सामाजिक मूल्यो में गिरावट, सत्ता लोलुपता और दोहरे मापदंडों से जहां वास्तविक लोकतंत्रों की स्थापना कठिन होती है, वहीं महत्वाकांक्षी और सशक्त नेता इसी लोकतंत्र को अपनी ताकत में बदल देते हैं। उनकी सत्ताएं इसी छद्म लोकतंत्र के सहारे ही आगे बढ़ती हैं। आधुनिक तकनीक व सूचना माध्यमों पर उनका वर्चस्व सही मायनों में वास्तविक लोकतंत्र स्थापित करने के मार्ग में बाधक बन जाता है। प्रतिरोध में उठे कुछ बुलंद स्वर कभी-कभी ये अहसास कराते हैं कि अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ। कुदरत के नियम अपनी जगह होते हैं। ये घटनाक्रम दुनिया भर के लोकतंत्र में विश्वास करने वालों के लिये भी सबक होते हैं कि लोकतंत्र का भविष्य नागरिकों की जागरूकता, जवाबदेही और जिम्मेदारी पर निर्भर करता है। उनकी उदासीनता पारदर्शी व सशक्त लोकतंत्र के विकास में बाधक होती है। सही मायनों में लोकतंत्र की सार्थकता चुनाव प्रक्रिया में सबको समान अवसर देने में है।

दमघोंटू वातावरण!

हवा हुई जहरीली ।
होगा रखना ध्यान ।।
संयम सावधानी से ही ।
हो सकता कल्याण ।।
दमघोंटू वातावरण ।
है अचानक छाया ।।
गंदगी का फिर से ।
दिख रहा है साया ।।
हल्ला गुल्ला करके बंद ।
है करना प्रहार ।।
स्वच्छ हवा ही सबका ।
जन्मसिद्ध अधिकार ।।
जो भी जिम्मेदार हैं ।
हो अब कार्रवाई ।।
ना हुआ नियंत्रण तो ।
होगी जगहंसाई ।।

–कृष्णेन्द्र राय

लोकसभा चुनावों में जीत से ज्यादा अपने अस्तित्व को बचाने के लिए मैदान में उतर रहे हैं कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दल

नीरज कुमार दुबे

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के लिए इस बार का आम चुनाव खास इसलिए है क्योंकि इसके परिणाम इन दलों के अस्तित्व के बचे रहने या खत्म होने का भी निर्धारण करने वाले हैं। जहां तक कांग्रेस की बात है तो भले वहां गांधी परिवार से अलग अध्यक्ष आ गया हो लेकिन पार्टी अब भी पूरी तरह गांधी परिवार के प्रभाव में काम कर रही है इसलिए तमाम प्रयास करने के बावजूद आगे नहीं बढ़ पा रही है। 2014 से कांग्रेस की हार का और नेताओं के पार्टी छोड़ने का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह अनवरत जारी है।

देखा जाये तो पिछले दो लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस एक बार फिर बेहद मुश्किल माने जा रहे चुनाव में उतर रही है। इस चुनाव में उसके सामने अस्तित्व बचाने की कड़ी चुनौती है क्योंकि एक बार उसका मुकाबला एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली शक्तिशाली भाजपा से है। कुछ ऐसी ही चुनौती आम आदमी पार्टी, वाम दलों और कई अन्य क्षेत्रीय दलों के लिए भी है। देखा जाये तो कांग्रेस का आजादी से पहले से लेकर पिछले दशक तक राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा दबदबा था, लेकिन कुछ वर्षों से वह लगातार सिमटती जा रही है। अब वह केवल तीन राज्यों-कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में अपने दम पर सत्ता में है। यही नहीं, इस पर भी एक बड़ा सवालिया निशान है कि क्या वह इंडिया गठबंधन की अगुवाई का दावा भी कर सकती है। देखा जाये तो केंद्र में नरेंद्र मोदी के रहते पिछला दशक 138 साल पुरानी पार्टी के लिए बहुत मुश्किल भरा रहा। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद के लिए आवश्यक सीटें भी हासिल करने में विफल रही। कांग्रेस नेता पार्टी की गौरवशाली विरासत पर भरोसा करते हुए पतन के रुकने और फिर से खड़े होने की उम्मीद कर रहे हैं, हालांकि कई चुनौतियां उनके सामने खड़ी हैं। कांग्रेस पार्टी ने पिछले चुनाव में लड़ी गई 421 सीटों में से केवल 52 सीटें हासिल कीं, जिससे 2014 की तुलना में उसकी संख्या में थोड़ा सुधार हुआ जब उसने लड़ी गई 464 सीटों में से 44 सीटें हासिल की थीं। 2014 में 178 के मुकाबले 2019 में 148 कांग्रेस उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी।

हम आपको बता दें कि वर्ष 1984 में कांग्रेस के लिए शिखर तब आया जब उसने रिकॉर्ड 404 सीटें जीतीं। हालांकि उस जीत में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर एक बड़ा कारक रही थी। इसके बाद 1989 के आम चुनाव में कांग्रेस को 197 सीट, 1991 में 232, 1996 में 140, 1998 में 141, 1999 में 114, 2004 में 145 और 2009 में 206 सीटें मिलीं थीं। इसके बाद 2014 में कांग्रेस को 44 और 2019 के चुनाव में 52 सीटें मिलीं। वर्ष 2019 और 2014 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए हल्की उम्मीद की किरण यह थी कि उसने अपना मत प्रतिशत लगभग 19 प्रतिशत पर बनाए रखा, जिसे अब वह आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रही है। 2009 में, जब मनमोहन सिंह सत्ता में लौटे थे, तो पार्टी को 28.55 प्रतिशत मत मिले थे। कांग्रेस में बिखराव का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जो थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। खास बात यह है कि इस बिखराव को रोकने के प्रयास भी नहीं किये जा रहे हैं। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिस दिन शुरू की थी उस दिन से कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की संख्या में निरंतर वृद्धि होती रही जोकि यात्रा के समापन के बाद भी जारी है। शायद कांग्रेस इस बात को समझ चुकी है कि परिणाम क्या रहने वाले हैं इसलिए चुनाव प्रचार की औपचारिक शुरूआत से पहले ही ईवीएम पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। वहीं विपक्ष के अन्य दलों की बात करें तो दिल्ली और पंजाब में सत्तारुढ़ आप ने करीब एक दशक में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया है। वह आगामी लोकसभा चुनावों में अपने राजनीतिक पदचिह्न का विस्तार करने की कोशिश करेगी। हम आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी भी इंडिया गठबंधन की एक प्रमुख घटक है। पार्टी बड़ी परीक्षा के लिए तैयार है और उसे अपने नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों और आबकारी नीति घोटाला मामले में अपने प्रमुख अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खतरे जैसी चुनौतियों से भी निपटना है। आप पंजाब (13 सीटें), दिल्ली (4), असम (2), गुजरात (2) और हरियाणा (एक सीट) में लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। 17वीं लोकसभा में केवल पांच सांसदों तक सीमित रही आप विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। 2019 के चुनावों में अब तक की सबसे कम संख्या हासिल करने के बाद इस आम चुनाव में उनके लिए करो या मरो की स्थिति है। दूसरी ओर, वामपंथी दलों के लिए भी यह लोकसभा चुनाव अस्तित्व बचाने की चुनौती वाला है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने पिछले कुछ चुनावों में अपने प्रदर्शन में लगातार गिरावट देखी है। वामपंथी दलों में भाकपा अपना राष्ट्रीय दर्जा खो चुकी है और माकपा राष्ट्रीय दल है, लेकिन उसका आधार भी सिकुड़ता जा रहा है। देखा जाये यह लोकसभा चुनाव वाम दलों के भविष्य के लिए भी निर्णायक रहने वाला है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, एआईयूडीएफ, वाईएसआर कांग्रेस, तेलुगू देशम पार्टी, इंडियन नेशनल लोकदल, जननायक जनता पार्टी, पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिवसेना और एनसीपी के दोनों गुट, एमएनएफ, जेडपीएम, शिरोमणि अकाली दल, अन्नाद्रमुक, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव करो या मरो जैसी स्थिति वाले हैं। देखना होगा कि लोकसभा चुनावों में इन क्षेत्रीय दलों के हाथ कितनी सफलता लगती है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में 'फरसा' फिर से तैयार है

डॉ. ऋतु दुबे तिवारी

उत्तर प्रदेश को देश की राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यहाँ की सियासत का सीधा असर केंद्र में देखने को मिलता है। गौरतलाब बात ये है कि देश को प्रभावित करने वाली उत्तर प्रदेश कि राजनीति में में ब्राह्मण वोटर्स की संख्या भले ही तकरीबन 12 फीसदी है लेकिन यह वर्ग प्रदेश की राजनीति को जबरदस्त प्रभावित करने की क्षमता रखता है। विधानसभा में करीब 115 सीटें ऐसी हैं, जिनमें ब्राह्मण मतदाताओं का अच्छा प्रभाव है। आश्चर्यजनक बात ये रही कि ऐसे समय जब लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो चुका है उस समय भी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों के मिजाज और समीकरण पर कोई बात नहीं हो रही थी। एक तरफ जहाँ भाजपा और इंडी गठबंधन दोनों में ओबीसी वोट की लड़ाई दिख रही थी तो दूसरी तरफ मायावती डीएम यानी दलित मुस्लिम समीकरण के भरोसे ही हैं। ऐसा उस राज्य में हो रहा है जहां 6 बार ब्राह्मण मुख्यमंत्री रहे हैं और 2022 के विधान सभा चुनाव में 52 ब्राह्मण विधायक बने थे। देखा जाए तो मंडल कमीशन के बाद से

यूपी में दलित-ओबीसी राजनीति ने जोर पकड़ा और उसके बाद से अब तक कोई ब्राह्मण सीएम नहीं बन पाया लेकिन मतदाता के तौर पर इस जाति ने 90 के दशक के दौरान शुरूआती झटकों से उबरते हुए पुराना रसूख फिर से हासिल कर लिया है। यही कारण है कि मनुवाद का सीधा विरोध करने और मंडल कमीशन के बाद बदले सियासी माहौल में सत्ता पर काबिज होने वाली सपा और बसपा भी बाद में ब्राह्मण वोट बैंक को आकर्षित करने की रणनीति बनाने लगे।

ब्राह्मण राजनीति का शोर नेपथ्य में जा ही रहा था कि इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने एक बार फिर ब्राह्मण स्वाभिमान और सम्मान को चचाओं में ला दिया है। शाहजहांपुर के जलालाबाद में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माला पहनाते हुए उन्होंने एक तस्वीर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनता की आस्था का सम्मान करते हुए भगवान परशुराम की जन्मस्थली जलालाबाद के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए सरकार ने वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है।

सियासत में कम शब्दों में संदेश कह देने की कला महत्वपूर्ण होती है और इसीलिए जो इसमें माहिर है वह राजनीति के दांव पेंच में भी माहिर माना जाता है। ब्राह्मण स्वाभिमान के मुद्दे पर जितिन प्रसाद पिछले कुछ सालों में बेहद मुखर रहे, इन्होंने ब्राह्मणों के लिए संगठन बनाया और पूरे प्रदेश में घूम घूम कर ब्राह्मणों को एकजुट करने का अभियान चलाया। जितिन प्रसाद जब भाजपा में आए तब भी ये बात उठी थी कि जिस प्रकार ब्राह्मणों की नाराजगी को जितिन प्रसाद ने राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया था वो उनके भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक रुप से भाजपा के पक्ष में हो गई है। जितिन आज जिस कुर्सी पर हैं उस पर कभी नसीमुद्दीन सिद्दीकी और शिवपाल सिंह यादव जैसे दिग्गज रहे हैं। दोनों अपने अपने दलों में तो मजबूत रहे ही साथ ही अपनी जाति के लोगों के बीच नायक वाली छवि के साथ रहे और अब शायद जितिन भी धीरे धीरे उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण समाज के बीच लगातार जाकर खुद को उसी नायक के रुप में स्थापित कर रहे हैं।

ऐसे समय जब प्रबुद्ध सभा के सम्मेलनों तक की चर्चा नहीं हो रही थी उस वक्त भगवान परशुराम की प्रतिमा के साथ जतिन प्रसाद की तस्वीर ने उत्तर प्रदेश में तमाम नेताओं को असमंजस में डाल दिया है। यह देखना अब दिलचस्प रहेगा कि ब्राह्मण वोट किस प्रकार चुनावी समीकरण को प्रभावित करते हैं या सिर्फ कुछ जिलों तक ही यह प्रभाव सिमट कर रह जाएगा। परिणाम जो भी हो परंतु यदि जितिन अपनी पूरी ताकत से ब्राह्मण वर्ग को साथ लाने में प्रयासरत हो जाएंगे तो उत्तरप्रदेश में इस बार का चुनाव वाकई इतिहास रचने वाला होगा।

सीएए पर भ्रम फैलाने की राजनीति करने में क्यों जुटा हुआ है विपक्ष?

सुरेश हिंदुस्तानी

भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो गया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस मामले में पूर्व नियोजित राजनीति ही कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की ओर से बार बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम नागरिकता देने वाला है, यह किसी की नागरिकता को समाप्त नहीं करेगा। इसके विपरीत केंद्र सरकार के प्रत्येक कदम का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इसे भारतीय मुसलमानों के विरोध में उठाया गया कदम बताने का भ्रम पैदा करने वाला रवैया बता रहे हैं। यहां एक बात यह भी स्पष्ट करने वाली है कि इस अधिनियम में भारत के मुसलमान कहीं हैं ही नहीं, फिर क्यों इस अधिनियम में मनमाफिक निहितार्थ तलाश करने की राजनीति की जा रही है? क्या इस प्रकार की राजनीति देश को मजबूत बना सकती है, यकीनन नहीं। क्योंकि जिस देश में कुतर्क की राजनीति की जाती है, वहां भ्रम का वातावरण ही निर्मित होगा। देश के राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह स्वच्छ और रचनात्मक राजनीति करके देश को शक्तिशाली बनाने का प्रयास करें। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो वह अपने एजेंडे से अलग कुछ भी नहीं कर रही है, नागरिकता का मुद्दा उसके लिए पहले से ही प्राथमिकता में रहा है। इतना ही नहीं अभी तक भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उन सभी को लेकर ही वह जनता के पास गई और भाजपा को ऐसा करने के लिए ही समर्थन मिला।

नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन देशों में मुसलमान बहुसंख्यक हैं। वे हिन्दू सहित अन्य गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी प्रताड़ना के कारण ही वे अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन प्रताड़ित लोगों के लिए किसी भी मुस्लिम देश में शरण नहीं मिलती। इसी कारण से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। जबकि इन देशों में मुस्लिमों को प्रताड़ित नहीं किया जाता। इसके विपरीत भारत में तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले नेता इसका गलत अर्थ निकालकर भारतीय मुसलमानों को भ्रमित करने की राजनीति कर रहे हैं। जबकि इस बात को यह भी भली भांति जानते हैं कि इस कानून से भारत के मुसलमानों को कोई नुकसान होने वाला ही नहीं है। यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि दुनिया में मुसलमानों को शरण देने वाले कई देश हैं, जबकि प्रताड़ित समाज को शरण देने के कोई भी मुस्लिम देश तैयार नहीं। इसलिए भारत सरकार का यह निर्णय प्रथम दृष्टया उचित ही है।

वर्तमान में शरणार्थी और घुसपैठियों का अंतर समझने की बहुत आवश्यकता है। शरण वही मांगता है जो मजबूर हो गया हो और घुसपैठ करने वाला व्यक्ति एक उद्देश्य को लेकर चलता है। आज देश के लगभग आठ राज्य ऐसे हैं जहां घुसपैठ करने वाले नागरिक भारत में रह रहे हैं। इतना ही नहीं इनको भारत में राजनीतिक संरक्षण भी आसानी से मिल जाता है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी खुलकर घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी होती दिखाई देती हैं। यह केवल वोट की खातिर ही किया जा रहा है और यही तुष्टीकरण की पराकाष्ठा है। लेकिन सवाल यह आता है कि जब ये घुसपैठ करने वाले व्यक्ति अपने देश के प्रति वफादार नहीं हुए तो भारत के वफादार कैसे हो सकते हैं? इसलिए शरणार्थियों के लिए तो जगह हो सकती है, लेकिन घुसपैठियों को पनाह देना बहुत बड़े खतरे को आमंत्रण देने के समान ही कहा जाएगा।

वास्तविकता यह है ऐसे मामलों में राजनीति नहीं की जानी चाहिए। भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए, यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, लेकिन यह विरोध देश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। आज यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो रहा है कि विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता प्राप्त करने के लिए देश की जनता के सामने भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास करने लगे हैं। मोदी का विरोध करते करते जाने अनजाने में देश का विरोध करने लगते हैं। एक समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यह स्पष्ट तौर पर अभिव्यक्त किया कि कांग्रेस के नेता हिंदुओं से नफरत करते हैं, सनातन का विरोध करते हैं। कांग्रेस को आचार्य प्रमोद कृष्णम की बात पर मंथन करना चाहिए था, लेकिन मंथन करना तो दूर उनको पार्टी से बाहर कर दिया। इसी प्रकार विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी गाहे बगाहे सनातन के विरोध में अप्रिय बयान देते रहे हैं। यह भी एक प्रकार से तुष्टिकरण की राजनीति ही कही जाएगी। ऐसी राजनीति भारत को भारत से अलग करने वाली है। यहां यह भी समझना बहुत जरूरी है कि सनातन धर्म के बारे में गलत और विवादित बयान देने वालों के विरोध में कांग्रेस सहित अन्य दलों ने कोई बयान नहीं दिया। यह एक प्रकार से उनको समर्थन देना ही कहा जाएगा।

भारत की राजनीति के लिए यह कोई नई बात नहीं है कि सरकार के निर्णय का बिना किसी नीति या सिद्धांत के विरोध किया जाए। ऐसा पहले भी होता रहा है। हम जानते हैं कि राफेल मामले में भी ऐसा ही विरोध हुआ और इस मामले में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को भी लिया जा सकता है, लेकिन विपक्ष के राजनीतिज्ञ संभवतः यह भूल जाते हैं कि भारत की जनता चाहती क्या है? हम यह भी जानते हैं कि भारत की जनता राम से सीधा जुड़ाव रखती है। इसलिए यह कहा जा सकता है विपक्ष जनता के मनोभाव को समझने में अभी तक असफल ही रहा है। इसी प्रकार सीएए का मामला भी है। विपक्ष का यह कहना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं कहा जा सकता कि यह मुसलमानों के विरोध में है। इसके प्रावधान के तहत ऐसा कहीं भी नहीं लिखा है कि किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी या किसी की नागरिकता छीनी जाएगी। जो बातें की जा रही हैं, वे केवल राजनीति के अलावा और कुछ नहीं। हां, इस कानून के तहत विदेशी मुसलमानों को नागरिकता नहीं दिए जाने की परिकल्पना निहित है, परंतु इसमें भारतीय मुसलमान का कहीं कोई परिलक्षण नहीं है। इसलिए विपक्ष केवल भ्रमित करने की ही राजनीति कर रहा है। ऐसी राजनीति से बचना चाहिए।

अपर जिला व सत्र न्यायाधीश ने किया ज़िला जेल तथा किशोर एवं न्याय बोर्ड का औचक निरीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में मंगलवार को जिला कारागार एवं किशोर न्याय बोर्ड, गाजीपुर में विजय कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। कारागार द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 934 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 834 पुरूष, 49 महिला, महिला बंदियों के साथ कुल 08 बच्चे निरूद्ध है व 51 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-चाय, चना, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहद की दाल, सब्जी आलू,

पालक, सायं का भोजन-रोटी, चावल, चना उरद की दाल, सब्जी (आलू पत्ता गोभी)। सचिव महोदय द्वारा जेल के बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव महोदय द्वारा बीमार बंदियो के संबंध में कारापाल एवं चिकित्सक को उचित निर्देश दिया गया। सचिव महोदय ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरो के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर रविन्द्र सिंह यादव, कारापाल उपस्थित रहे। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर गाजीपुर का निरीक्षण किया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे, तथा आवासित किशोर उपस्थिति पंजिका दिनांक 19 मार्च 24 के अनुसार राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर में 35 व राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर गाजीपुर में 71 उपस्थित पाये गये। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर गाजीपुर को निर्देशित किया गया कि मीनू के अनुसार भोजन, साफ-सफाई, कपडे. तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर गाजीपुर के मीनू के अनुसार सुबह के भोजन में रोटी, चावल, दाल, सब्जी आलू, कद्दू तथा भण्डारण कक्ष में भण्डारण उपलब्ध पाया गया। आवासित किशोरो द्वारा किसी उत्पीड़न अथवा परेशानी का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर गाजीपुर का निरीक्षण दौरान मुख्य गेट तथा अन्दर गेट सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

बैराठ के शिक्षक की सिपाही ने गोली मारकर की हत्या

चहनियां। चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के बैराठ गांव के रहने वाले शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की मुज्जफरनगर में नशे में धुत सिपाही ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना जानकारी होते ही गांव में कोहराम मच गया । बैराठ गांव के रहने वाले धर्मेंद्र कुमार वाराणसी जनपद के महगांव में राजकीय बिद्यालय में संस्कृत के प्रवक्ता थे। पत्नी रूपा देवी भी भदोही जनपद के औराई में प्राथमिक बिद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत है । पिता राजकुमार किसान है । माता हीरावती देवी गृहणी है । इनकी एक बेटी 5 वर्ष की है जिसका नाम कुहू है । भाई जितेंद्र कुमार इलाहाबाद में पीएचडी की तैयारी कर रहे है । ये सपरिवार वाराणसी में चितईपुर में मास्टर कालोनी में 5 वर्ष से निजी मकान में रहते थे । वाराणसी से यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा की कापी मुज्जफरनगर थाना सिविल लाइन क्षेत्र एस डी इंटर कालेज में जमा करने गये थे । बोर्ड सेंटर के बाहर ड्यूटी में लगा सिपाही चन्द्र प्रकाश नशे में धुत था। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से बार बार तम्बाकू मांग रहा था । वह किसी को आराम नही करने दे रहा था। रात करीब 2 बजे जब अध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने आपत्ति की तो कांस्टेबल चन्द्र प्रकाश ने उन पर

सरकारी कार्बाइन से गोली मार दी । जो गम्भीर रूप से घायल हो गये । उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना होते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। इनके गांव बैराठ में घर पर सन्नाटा पसरा है।

बसपा ने सत्येंद्र कुमार मौर्य को चंदौली से बनाया प्रत्याशी

प्रखर चंदौली। जिले में बसपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सत्येंद्र कुमार मौर्य को बहुजन समाज पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार मौर्य को बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया गया। चंदौली जिले में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बाद अब बहुजन समाज पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी की ओर से आज आयोजित कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार मौर्य को बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया गया। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के निर्देश के बाद चंदौली संसदीय लोकसभा सीट से सत्येंद्र कुमार मौर्य के नाम पर मोहर लगी है।

दिव्यांगजनों ने 6 सूत्रिय मांगों को लेकर निकाली ट्राई साईकिल यात्रा

पीडीडीयु नगर। चंदौली। लाल बहादुर शास्त्री जन्मस्थली सेवा समिति के तत्वाधान में निकली गई जन जागरण यात्रा । पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जन्माष्टमी एवं शिक्षा स्थल तक जन जागरण यात्रा निकाली गई। यात्रा में भारी संख्या में दिव्यांग जनों ने ट्राई साइकिल यात्रा निकाली यात्रा न्यू सेंटर कॉलोनी स्थित लाल बहादुर शास्त्री जन्मस्थली से होकर डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद नगर भ्रमण करते हुए पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज पर स्थित प्रधानमंत्री के प्रतिमा तक जाकर समाप्त हुई। समिति के अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता ने बताया कि यह जन जागरण यात्रा 6 सूत्री मांगों को लेकर निकाली गई है।

माहे रमजान रहमतों, बरकतो और फजीलतों वाला महीना है : मो. इम्तियाज

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर स्थित सदर कोतवाली के सामने सैय्यद बाबा वाली मस्जिद में सोमवार की रात विशेष नमाज तरावीह मुकम्मल हुई। तरावीह हाफिज मो०इम्तियाज रजा इस्माइल द्वारा मुकम्मल कराई गई। जहां पर मुक्तदियों ने उनको फूलमाला पहनाकर इस्तकबाल किया। जहां पर देश में अमन-चैन कायम रखने के लिए दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर मौलाना मो० इम्तियाज रजा इस्माइल ने रमजान महीने के फजीलत को बयां किया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमतों, बरकतों और फजीलतों वाला महीना है। ऐसे में सभी मोमिनों को चाहिए कि वह इस रहमतों, बरकतों व फजीलतों वाले महीने में

खूब इबादत करें। क्योंकि अल्लाह इस महीने में अपने बंदों को एक-एक नेकी का 70 गुना सबाब मिलता है। रोजा रखते हुए पांचों वक्त की नमाज पढ़े और कुरआन की तिलावत करें। हाफिज मो०इम्तियाज रजा इस्माइल ने कहा कि तरावीह मुकम्मल होने का मतलब यह नहीं कि फिर से तरावीह न पढ़ी जाएं। रमजान के पूरे महीने तक तरावीह या फिर सूरह तरावीह पढ़ते रहें। इसके साथ ही साथ इस मुकद्दस महीने में गरीबों, यतीमों व मिस्किनो की ज्यादा से ज्यादा मदद करें।

शिया जामा मस्जिद में इफ्तार का हुआ आयोजन

प्रखर जौनपुर । शिया जामा मस्जिद जौनपुर में गुजश्ता सालों (विगत वर्षों) की तरह इस वर्ष भी रमजान के महिने में लगातार 30 दिनों तक इफ्तारी का एहतेमाम (आयोजन) जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी कमेटी और शहर के दीगर मोमेनीन के जरिए किया जाता है जिसमें लगभग 250 रोजेदार बा जमात नमाज अदा करने के बाद रोजा इफ्तार करते हैं इसी क्रम में शेख नूरुल हसन मेमोरियल सोसायटी के द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया ,मगरिबैन की नमाज इमाम ए जुमा शहर जौनपुर हुज्जत उल इस्लाम आली जनाब मौलाना महफूजुल हसन खां साहब ने अदा कराई नमाज के बाद रोजेदारों ने देश व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की इस मौके पर शेख नूरुल हसन मरहूम व उनकी अहलिया मरहूमा के इसाले सवाब की मजलिसे तरहीम को खेताब (संबोधित) करते हुए मौलाना आगा आबिद अली खान नजफी ने कहा कि अल्लाह ने रोजों को इसलिए फर्ज. करार दिया है कि हम परहेजगार बन सकें माहे रमजान में मुसलमान अल्लाह की इबादत के जरिए गुनाहों से निजात हासिल कर सकता है पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) की बीबी हजरत खदीजा की वफात 10

रमजान को हुई थी उसी की मुनासिबत से मजलिस में मौलाना आबिद नजफी ने मसायब पढ़ा तमाम मोमेनीन की आंखें अश्कबार हो गई इस मौके पर मौलाना शहजादे खां, वरिष्ठ नेता कांग्रेस सैय्यद परवेज हसन, सैय्यद जीशान हैदर रिजवी मछली शहरी , सैय्यद अहसन रिजवी नजमी, जौनपुर समाजवादी पार्टी जिला सचिव अफरोज हुसैनी,अली औन, डॉक्टर जफर अब्बास, इंजीनियर अब्दुल्ला, फैज, मोजिज के अलावा शिया जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी के मेम्बरान (सदस्य गण) सैय्यद असलम नक़्वी, तहसीन अब्बास सोनी, मोहम्मद नासिर रजा गुड्डू, हाशिम खां, अहमद इत्यादि मौजूद थे आखिर में शिया जामा मस्जिद वक़्फ के मुतवल्ली और शेख नूरूल हसन मेमोरियल सोसायटी के प्रबंध सचिव शेख अली मंजर डेजी ने तमाम मोमेनीन का शुक्रिया अदा किया।

पेड़ में मफलर से फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भांवरकोल थाना क्षेत्र के सिरीपुर-मुडेरा गांव निवासी एक युवक कर्ण प्रजापति उर्फ दुर्गा 24 ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि सिरीपुर गांव निवासी हरेंद्र प्रजापति का पुत्र कर्ण बीती रात गांव के दक्षिण अमरूपुर के सीवान में नीम के पेड़ में मफलर से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह लोग सिवान में गए तो घटना की जानकारी हुई। ग्रामीण ने इसकी सूचना परिजनों को दी। बताया जाता है कि मृतक नशे का आदी था। मृतक कर्ण तीन भाइयों में दूसरे नंबर था। इसका बड़ा भाई श्रीकांत कहीं निजी कंपनी में काम करता है जबकि छोटा भाई गांव में रहकर मजदूरी करता है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर सूचना दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

एनवीडब्लू वारंट के बावजूद फरार चल रहे वारंटीयो को भांवरकोल पुलिस ने लिया गिरफ्त में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भांवरकोल पुलिस ने मुहम्मदाबाद की अदालत द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के बावजूद अदालत से फरार चल रहे दो आरोपियों को चौकी प्रभारी मनोज मिश्रा ने गिरफ्तार कर सम्बन्धित अदालत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुरेश पटेल एवं धर्मेंद्र शर्मा इसी थाना क्षेत्र के शेरपुर खुद गांव के रहने वाले हैं इस संबंध में मनोज मिश्रा ने बताया कि। इनके खिलाफ मुहम्मदाबाद की जे एम द्वितीय की अदालत द्वारा जारी वारंट के बावजूद यह लोग अदालत में हाजिर नहीं हो रहे थे। जिन्हें आज गिरफ्तार करके संबंधित कोर्ट में प्रस्तुत हेतु पेश कर दिया गया है।

सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन, जागरुकता कार्यक्रम का किया विस्तारपूर्वक चर्चा

चकिया। चंदौली। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय,लखनऊ द्वारा संचालित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम दिवस में सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चकिया चंदौली में इकाई एक और दो कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह और डॉ कलावती के कुशल संयोजकत्व में प्राथमिक विद्यालय, मुहम्दाबाद और ग्राम पंचायत, शेरपुर में समापन कार्यक्रम किया गया है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक और सेविकाओं द्वारा नित्य क्रियाकलाप के अंतर्गत शिविर स्थल पर सुबह आठ बजे से पानी छिड़काव, साफ सफाई, मेजपोस एवम् बैनर आदि की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आज के कार्यक्रम समापन समारोह की

मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान, मुहम्दाबाद श्री सुनीता केशरी , विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सरवन कुमार यादव एवम् कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी के सहायक प्रोफेसर श्री रमाकांत गौड़ है। इस कार्यक्रम के बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि सहित लोगों के द्वारा माता सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मानसी सिंह ने स्वागत गीत, अमरेश, गोपाल, संजीदा खातून, अजूबा आदि ने अपने सात दिवसीय अनुभव को साझा किया। बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र जय हिन्द ने कार्यक्रम साप्ताहिक रिपोर्ट की व्याख्या की। स्वयं सेवक और सेविका द्वारा अंधविश्वास एवम् मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक सुप्रिया सिंह और राहुल चौबे की टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्री मती सुनीता केशरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक और सेविका के द्वारा सात दिनों शेरपुर गांव और मुहमदाबाद में साफ सफाई, रैली, नुक्कड़ नाटक एवम् क्वेश्चन आयर सर्वे आदि से मुहल्ला के लोग विभिन्न विषयों से जरुर जागरूक और लाभान्वित हुए हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ सरवन कुमार यादव ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर ने आप सभी को अनुशासित और सहयोग की भावना विकसित कर समाज और राष्ट्र के गतिविधियों से जुड़ने मे जरूर प्रोत्साहित किया होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री रमाकांत गौड़ ने कहा कि विशेष शिविर ने आप सभी को समाज और राष्ट्र निर्माण की जागरूकता की तरफ बढ़ने के लिए लालायित किया होगा, जिसके परिणाम स्वरूप आप सभी में बहुआयामी व्यक्तित्व निर्मित करने में जरूर सहायता मिला होगा। इस कार्यक्रम में वाचिक स्वागत डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह, धन्यवाद ज्ञापन डॉ कलावती के साथ साथ दलनायक की भूमिका मुकेश कुमार,पोस्टर स्लोगन बनाने कार्य जय हिन्द ने सम्पन्न किया। इस कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण पवन कुमार सिंह, डॉ संतोष कुमार यादव, शमशेर बहादुर, विश्व प्रकाश शुक्ल ,अंकिता सती सहित विद्यालय की प्रधानाध्यापक श्रीमती मोनिका श्रीवास्तव अन्य सहायक प्राध्यापक, कर्मचारीगण और स्वयं सेवक सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

तमंचा व कारतूस संग 1 अभियुक्त चढ़ा खानपुर पुलिस के रडार पर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा आम चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना खानपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को उप निरीक्षक अवधनरायण उपाध्याय व उप निरीक्षक बलवन्ता मय हमराह, कांस्टेबल शिवकुमार पटेल द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन शान्ति व्यवस्था व मतदान केन्द्र व मतदेय स्थानों को चेकिंग के दौरान नदी की पुलिया बहदग्राम चिलौना कला से अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया । जिसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए थाना खानपुर पर मु0अ0सं0 32/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम चन्दन यादव पुत्र पप्पू यादव निवासी ग्राम दाउदपुर थाना खानपुर गाजीपुर के विरूद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है।

बहरियाबाद पुलिस ने किया एससी एसटी एक्ट में वांछित 02 वारण्टीयों को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना बहरियाबाद पुलिस द्वारा सोमवार को थानाध्यक्ष भूपेन्द्र निषाद के नेतृत्व मे उप निरीक्षक रामानन्द यादव मय हमराही हेड कांस्टेबल सुनील कुमार कांस्टेबल संजय चौहान के रात्रिगस्त देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम व तलाश दबिश वांछित/वारण्टी मे रवाना थे कि मा0न्यायालय एससी एसटी कोर्ट गाजीपुर द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के क्रम में अभियुक्तगण जीतेंद्र सिंह तथा सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 रामलाल निवासी ग्राम बघाव थाना बहरियाबाद के घर दबिश दी गयी । तो अभियुक्तगण घर पर मौजूद मिले, जिन्हे कारण गिरफ्तारी बताकर मौके से गिरफ्तार किया गया।

दोबारा जमीन बेचवाने में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। जमीन खरीद फरोख्त में धोखाधड़ी के मामले में सिंधोरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आधा दर्जन लोंगो के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। एसीजीएम द्वितीय न्यायालय को प्रार्थना पत्र देते हुए बीना अजय पाण्डेय निवासी बसंतपुर सिंधोरा ने आरोप लगाया कि पूर्व में बेची गई जमीन को दलालों द्वारा बिना बताए फर्जी तरीके से दूसरी बार मुझे बैनामा कराकर कुल साढ़े 27 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया। जब प्रार्थनीय कब्जा लेने पहुची तो मामले का खुलासा हुआ। जिसपर पुलिस ने रामाधीन उपाध्याय निवासी करेमुवा,दीपक पांडेय,पप्पू पांडेय, दयाशंकर शर्मा सभी निवासी बसंतपुर,राजकुमार उर्फ राजु जायसवाल निवासी सिंधोरा व अजीत के ऊपर 147, 419, 420, 120बी, 323,504,506, 406 व 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया। उक्त मामला 6 माह पूर्व का है और न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को मुकदमा दर्ज हुआ।

विद्यापीठ के बी.एड. एवं एल.एल.बी. की 22 मार्च की परीक्षा स्थगित

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बी.एड. तृतीय सेमेस्टर एवं एल-एल.बी. पंचम सेमेस्टर की 22 मार्च को होने वाली परीक्षा होली पर्व के मद्देनजर अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गई है। उक्त परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जायेगी।

मेहगांव के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या के विरोध में राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज वाराणसी में धरना प्रदर्शन व दी गयी श्रधांजलि

प्रखर वाराणसी। राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज मेहगांव के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या के विरोध में राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज वाराणसी में शिक्षकों ने यूपी बोर्ड के कॉपियों का मूल्यांकन कार्य बंदकर किया धरना प्रदर्शन दिया। श्रधांजली एवं सरकार से मांग की मृतक के परिवार को पांच करोड़ रूपया मुआवजा एवं मृतक आश्रित को नौकरी दी जाए। कालेज में धरना होने की सूचना मिलते ही चेतगंज थाना प्रभारी व एसीपी चेतगंज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँच गयी कुछ ही मिनट मे स्थानीय थाने की पुलिस बल भी पहुँच गयी। सूचना मिलते ही धरना दे रहे शिक्षकों के पास जिलाधिकारी वराणसी ने पहुंचकर दिया न्याय आश्वासन। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व शिक्षक एमएलसी प्रमोद कुमार मिश्रा, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, चेतनारायण सिंह, दिनेश सिंह, अरविंद कुमार, कमलेश सिंह विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

बिजली के शॉर्ट सर्किट्स से अचानक लगी आग

प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। सैदपुर ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम- बनवारी चक (अलायन चक) रावल में अचानक बिजली के केवल में शॉर्ट सर्किट की वजह से नीचे रखें पुवाल में आग लगी ग्रामिणों की कड़ी मशक्कत से जब तक आग पर काबू पाया जाए बगल में अवधेश कुमार प्रजापति रामा प्रजापति एवं राधे प्रजापति के मकान

में रखे हुए खेत का सरसों अनाज भूसा जल कल राख हो गया ग्रामीणों की मेहनत आग पर काबू पाया गया।

विद्युत मजदूर संगठन के प्रयास से मीटर रीडरो को मिला बकाया वेतन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विद्युत मजदूर संगठन के जिला संरक्षक हरिश्चंद कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों संग पिछले दिनों अधीक्षण अभियंता से मिलकर जिले में संविदा पर कार्य कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर, मीटर रीडरो की बकाया वेतन को लेकर अवगत कराया गया था जिसमे मीटर रीडरो को मेसर्स स्टर्लिंग कंपनी द्वारा सभी का भुगतान एक माह का होली की त्योहार को देखते हुए कर दिया गया है। वही कंप्यूटर ऑपरेटरों का मेसर्स ऑल संस एवम एरो इनफार्मेशन कंपनी द्वारा अभी तक विभाग में बिल बाउचर नही भेजा गया है, जिसमे प्रयास लगातार संगठन द्वारा जारी हैं जिसमे मंडल की कमेटी एमडी ऑफिस वाराणसी में प्रबंधक निदेशक से लगातार इस पर वार्ता कर रही है प्रयास किया जा रहा है कि होली से पहले ऑपरेटरों का भी वेतन समय से मिल सके।

पुलिस हिंसा में हुई महसा अमीनी की मौत: यूएन

तेहरान। संयुक्त राष्ट्र के एक फैक्ट फ़ाइंडिंग मिशन ने पाया है कि ईरान में महिलाओं के साथ अभी भी बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा है। वहीं मिशन ने अपनी जांच में पाया है कि दो साल पहले हुई महसा अमीनी की मौत गैरकानूनी थी और उनकी मौत पुलिस हिंसा में हुई थी। जिनेवा में ह्यूमन राइट्स काउंसिल की बैठक में मिशन की प्रमुख सारा हुसैन ने कहा है कि देश में एआई और तकनीक की मदद से महिलाओं पर नज़र रखी जा रही है।

एमबीबीएस छात्रा ने प्रोफेसर पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली के अंबेडकर मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाली 22 साल की एमबीबीएस छात्रा ने असिस्टेंट प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि सोमवार को वाइवा एग्जाम के दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर ने उसका शारीरिक शोषण किया। वो 2021 बेच की एबीबीएस छात्रा है। इस घटना के सामने आने के बाद कई सामाजिक संगठनों ने विरोध जताया। अंबेडकर अस्पताल के बाहर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस बताया वारदात 31 जनवरी की है।

कविता ने आप नेताओं को भुगतान की सुविधा दी: ईडी

नई दिल्ली/हैदराबाद। ईडी ने दावा किया कि तेलंगाना की गिरफ्तार एमएलसी एवं बीआरएस नेता के. कविता ने अन्य सहयोगियों के साथ कथित तौर पर दिल्ली उत्पाद शुल्क की नीति के निर्माण और कार्यान्वयन के समय लाभ पाने के लिए आप के शीर्ष नेताओं के साथ साजिश रची थी। कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के मनी ट्रेल की जांच कर रही ईडी ने सोमवार को दावा किया कि श्रीमती कविता ने एहसान के बदले में आप नेताओं को 100 करोड़ रुपए देने के मामले में शामिल थीं।

सफाई कर रही महिला पर भरभराकर गिरी बोरियां

नवी मुंबई। नवी मुंबई की एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला के ऊपर बोरियों का ढेर अचानक गिर जाता है और वह चावल भरी 30-40 बोरियों के नीचे दब जाती है। गनीमत यह रही कि महिला की जान बच गई है। दरअसल, यह पूरी घटना मंडी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। वाशी इलाके में स्थित एक कृषि मंडी में महिला साफ-सफाई कर रही थी। बगल में रखीं 30-40 बोरियां अचानक महिला के ऊपर गिरने लगी।

तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. सुंदरराजन ने दिया इस्तीफा

हैदराबाद। तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया।

श्रीमती सुंदरराजन ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपा है। सूत्रों के अनुसार डा. सुंदरराजन के आगामी लोस चुनाव तमिलनाडु के मध्य चेन्नई या पुडुचेरी से भाजपा) प्रत्याशी के रूप में लड़ने की संभावना है।

आनंद मोहन की पत्नी लवली जेडीयू में शामिल

पटना। बिहार के बाहुबली नेता और पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने आरजेडी छोड़कर जेडीयू का दामन थाम लिया है। जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की उपस्थिति में लवली सिंह ने पार्टी की सदस्यता ली है। पार्टी में शामिल होने के बाद लवली आनंद ने कहा कि हम लोग पार्टी में आए हैं। पार्टी को मज़बूत करेंगे। पार्टी का फैसला सर्वमान्य होगा।

आज का इतिहास

- **1873:** जर्मन आधिपत्य संगीतकार मैक्स रियर का जन्म।
- **1877:** ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 45 रनों से हराया।
- **1911:** जैन साहित्य के विशेषज्ञ तथा अनुसन्धानपूर्ण लेखक अगरचन्द नाहटा का जन्म।
- **1939:** हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध हास्य कलाकार जगदीप का जन्म।
- **1944:** आजाद हिंद फौज ने पूर्वोत्तर भारत में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
- **1953**-पहली बार एकेडमी अवार्ड का प्रसारण टेलीविजन पर हुआ।
- **1962**-बॉब डायलान का पहला एलबम संयुक्त राज्य में जारी किया गया।
- **1972**-भारत और बंगलादेश के बीच में मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किया।

बरसाने में खूब खेली गई लट्ठमार होली

मथुरा। शहर में सोमवार को विश्व प्रसिद्ध बरसाना की लट्ठमार होली बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ खेली गई। राधारानी रूपी गोपियों ने नंदगांव के कृष्ण रूपी हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाई। 15 लाख श्रद्धालु बने साक्षी। हंसी-ठिठोली, गाली, अबीर, गुलाल और लाठियों से खेली गई इस होली का आनंद देश-विदेश से कोने-कोने से आएं श्रद्धांलुओं ने भी लिया। बरसाने में 10 क्विंटल सेज्यादा रंग-गुलाल उड़े। दो घंटे तक हुरियारिनों ने लट्ठ चलाए। हुरियारें हंसते हुए पीटे।वहीं होली के गीत गाते नंदगांव के कृष्ण रूपी हुरियारे बरसाना में राधा रूपी गोपियों के साथ होली खेलने आए। बता दें कि हजारों बरसों से चली आ रही इस परंपरा के तहत नंदगांव के हुरियारे पिली पोखर पर आते हैं, जहां उनका स्वागत बरसाना के लोग ठंडाई और भांग से करते हैं। यहां से ये हुरियारे रंगीली गली पहुंचते हैं, जहां बरसाना की हुरियारिनों को होली के गीत गा कर रिझाते हैं।

विदेशों से आते हैं श्रद्धालु: बरसाना की इस अनोखी लट्ठमार होली को देखने के लिए देश ही नहीं दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं। विदेशों ने यहां आने वाले श्रद्धालु राधा और कृष्ण की प्रेम स्वरुप होली को देखकर आनन्दित हो उठते हैं। यह आने वाले हर श्रद्धालु इस होली का जमकर लुत्फ उठाते हैं। वहीं चालीस दिन तक चलने वाली इस होली में जब तक बरसाना की हुरियारिनें नंदगांव के हुरियारों पर लाठियों से होली नहीं खेलती, तब तक होली का आनंद नहीं आता।

पाक फौज की अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक

तालिबान ने कहा- बच्चों और महिलाओं समेत 8 की मौत, पाक बोला- आतंकी कमांडर को मारा

काबुल/ इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत ने आरोप लगाया है कि पाक फौज ने 17 और 18 मार्च की दरमियानी रात उसके दो इलाकों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें बच्चों और महिलाओं समेत आठ लोग मारे गए। दूसरी तरफ, पाकिस्तान की तरफ से जो बयान जारी किया गया है, उसमें अफगानिस्तान शब्द का इस्तेमाल तक नहीं किया गया। इस बयान में कहा गया- इंटेलिजेंस इनपुट के बेस पर कार्रवाई की गई। वजीरिस्तान के कुछ इलाकों में यह ऑपरेशन हुआ। इसमें एक आतंकी कमांडर समेत 8 लोग मारे गए।

रात 3 बजे हमला: पाकिस्तान के अखबार 'द डॉन' की रिपोर्ट में अफगान हुकूमत के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के हवाले से इस घटना के बारे में बताया गया है। मुजाहिद ने कहा- रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हमारे खोस्त और पकतिका प्रांत पर पाकिस्तानी एयरफोर्स के फाइटर जेट्स ने बमबारी की। यह रिहायशी इलाके थे। 8 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान ने आम अफगान लोगों को निशाना बनाया है। मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

राष्ट्रपति जरदारी ने दी थी बदला लेने की धमकी

पाकिस्तान के नॉर्थ वजीरिस्तान इलाके में आतंकी हमला हुआ था। इसमें दो फौजी अफसर मारे गए थे। प्रेसिडेंट आसिफ अली जरदारी इनको सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के वक्त मौजूद थे। उन्होंने कहा था- शहीदों के खून का बदला लिया जाएगा। अगर सीमा पार से हमारे देश पर हमला होता है तो हम माकूल जवाब देंगे। शनिवार को हुए हमले की जिम्मेदारी हाफिज गुल बहादुर ग्रुप ने ली थी। इसके बाद पाकिस्तानी फौज ने कहा था कि यह ग्रुप अफगानिस्तान में पनाह लेता है और बॉर्डर क्रॉस करके पाकिस्तान में हमले करता है। इसके बाद आतंकी फिर अफगानिस्तान के खोस्त इलाके में छिप जाते हैं। अगर लोकेशन की बात करें तो अफगानिस्तान का पकतिका प्रांत पाकिस्तान के साउथ वजीरिस्तान से लगा हुआ है। वहीं, खोस्त प्रॉविंस नॉर्थ वजीरिस्तान का बॉर्डर एरिया है।

अफगानिस्तान पर आरोप लगाना बंद करे पाक

तालिबान हुकूमत के प्रवक्ता मुजाहिद ने सोशल मीडिया पर कहा- पाक कह रहा है कि उसने आतंकी अब्दुल्लाह शाह को निशाना बनाने के लिए हमला किया। शाह तो पाकिस्तान में रहता है। हम इन हमलों की निंदा करते हैं और पाकिस्तान से कहना चाहते हैं कि यह अफगानिस्तान की आजादी पर हमला है। अच्छा होगा कि पाकिस्तान अब हम पर आरोप लगाना बंद करे।

अंतराष्ट्रीय दबाव में नहीं आएगा इजराइल, प्रधानमंत्री नेतन्याहू की दो टूक

हमास के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी, राफा पर भी होगी चढ़ाई

● तेल अवीव

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनका देश हमास के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई लक्ष्य पूरा होने तक जारी रखेगा और राफा में भी कार्रवाई शुरू करेगा। श्री नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इजराइल पर हमास के अक्तूबर के क्रूर आक्रमण को इतने जल्दी नहीं भूलना चाहिए और इजरायल के बजाय हमास के समर्थकों को ईरान पर दबाव डालना चाहिए।

उन्होंने कार्यालय ने एक सरकारी बैठक के प्रारंभ में पीएम द्वारा दिए गए वक्तव्य को जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा कि यदि हम इस युद्ध को उसके सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने से पहले ही रोक देते हैं, तो इसका मतलब है कि इज़राइल युद्ध हार जाएगा, और हम इसकी अनुमति नहीं देंगे। इसलिए, हम इस दबाव के आगे झुक नहीं

सकते और न ही झुकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी अंतरराष्ट्रीय दबाव हमें युद्ध के सभी लक्ष्यों को साकार करने से नहीं रोकेगा। हमरा लक्ष्य है- हमास को खत्म करना, हमारे सभी बंधकों को मुक्त कराना और यह सुनिश्चित करना कि गाजा फिर कभी इजराइल के लिए खतरा न बने।

श्री नेतन्याहू ने बैठक के प्रारंभ में कहा कि ऐसा करने के लिए, हम राफ़ा में काम करेंगे। हमास की हत्यारी ब्रिगेडों को ख़त्म करने का यही एकमात्र तरीका है, और हमारे सभी बंधकों को मुक्त कराने के लिए आवश्यक सैन्य दबाव का उपयोग करने का भी यही एकमात्र तरीका है।

गाजा के अल-शिफा अस्पताल में सैन्य अभियान किया शुरू

यरूशलेम। इजराइली बलों ने गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल में एक सैन्य अभियान शुरू किया। इजरायली हारेत्ज अखबार ने सोमवार को अधिकारियों के हवाले से बताया कि अस्पताल के आसपास गोलीबारी की आवाज सुनी गयीं, जिसमें कई लोग मारे गये और कई अन्य घायल हो गये। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि इजराइली सेना ने अल-शिफा परिसर पर हमला किया और सेना पर 'उत्तरी गाजा में स्वास्थ्य प्रणाली को नष्ट करना जारी रखने' का आरोप लगाया। मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अस्पताल और उसके अंदर के मरीजों की सुरक्षा के लिए'तुरंत हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। इजराइयल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि सेना के पास ठोस खुफिया जानकारी थी, जो तत्काल कार्रवाई की मांग करती थी। उन्होंने बताया कि इजरायल के खिलाफ हमले करने के लिए हमास आतंकवादी अस्पताल का सहारा ले रहे हैं।

लग्जरी लाइफस्टाइल के मालिक है रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

मास्को। व्लादिमीर पुतिन सतत पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गए हैं। 88 फीसदी वोटों के साथ चुनाव जीतकर पुतिन पांचवा कार्यकाल संभालेंगे। 71 साल के पुतिन 1999 से एक बार भी चुनाव नहीं हारे। व्लादिमीर पुतिन दुनिया के सबसे अमीर राजनेताओं की लिस्ट में शामिल हैं। पुतिन बहुत ही लग्जरी लाइफस्टाइल के मालिक हैं। उनकी जीवनशैली और निजी संपत्ति किसी को भी हैरान कर दे। हालांकि पुतिन दावा करते हैं कि रूस के राष्ट्रपति के रूप में उन्हें केवल 1,16,07,722 रुपए (1,40,000 डॉलर) का सालाना वेतन मिलता है।

पुतिन की आलीशान हवेली: राष्ट्रपति पुतिन की निजी संपत्ति 200 अरब डॉलर है। उनकी निजी संपत्ति में काला सागर की एक चर्चित हवेली भी शामिल है। इस हवेली को 'पुतिन का कंट्री कॉटेज' के नाम से जाना जाता है। उनकी हवेली में ग्रीक देवताओं की मूर्तियों से सजा हुआ एक संगमरमर का स्विमिंग पूल, एक एम्फीथिएटर, अत्याधुनिक आइस हॉकी रिंक, वेगास शैली का कसीनो और एक नाइट क्लब भी है। हवेली के इंटीरियर में 5,00,000 डॉलर का डाइनिंग रूम फर्नीचर, 54,000 डॉलर का एक बार टेबल है।

पुतिन के पास विमान और हेलीकॉप्टर

एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि पुतिन के पास 19 अन्य घर हैं। इसके अलावा उनके कलेक्शन में 700 कारें, 58 विमान और हेलीकॉप्टर है। राष्ट्रपति के पास 716 मिलियन डॉलर के विमान हैं, जिन्हें 'द फ्लाइंग क्रेमलिन' नाम दिया गया है।लग्जरी घड़ियों का शौक इसके अलावा व्लादिमीर पुतिन के पास लग्जरी घड़ियों का संग्रह भी है। 60000 डॉलर से लेकर 5,00,000 डॉलर के मूल्य की घड़ियां उनके कलेक्शन का हिस्सा हैं। इतना ही नहीं पुतिन के पास शहेराजादे नाम की नौका है, जिसकी कीमत 70 करोड़ (700 मिलियन डॉलर) है।

लग्जरी लाइफस्टाइल

आलीशान और भव्य जीवन शैली को बनाए रखने के लिए पुतिन के पास चालीस कर्मचारी हैं, जिन पर वह बीस लाख डॉलर सालाना खर्च करते हैं। पुतिन को विमान उड़ाना, पनडूब्बी तैराना भी आता है। उनके लग्जरी घर मास्को, फिनलैंड समेत कई अन्य जगहों पर हैं।

यूक्रेन में सेना की तैनाती के खिलाफ नाटो को दी विश्व युद्ध की चेतावनी

मॉस्को, (आरएनएन)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में सैनिकों की तैनाती के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो सैन्य गठबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि उनके इस कदम से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। राष्ट्रपति चुनाव में अपनी जीत के बाद सोमवार तड़के अपने समर्थकों और मीडिया से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि यह कोई रहस्य नहीं है कि नाटो देशों के लड़ाके यूक्रेन में मौजूद हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को अमेरिका के नेतृत्व में नाटो द्वारा यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजने से अच्छी तरह वाकिफ है। रूसी मीडिया ने उनके हवाले से कहा कि हम फ्रेंच और अंग्रेजी दोनों भाषण सुनते हैं। इसमें कुछ भी अच्छा नहीं है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि रूस चाहता है कि फ्रांस संघर्ष को न बढ़ाए, बल्कि इसका शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद करे।

कोबरा कांड में बुरे फंसेंगे एल्विश यादव, पास में मिला गांजा

नारकोटिक ड्रग का भी किया इस्तेमाल

नई दिल्ली। बिग बॉस ओटीटी-2 के विनर और सोशल मीडिया स्टार एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सांप और सांपों के जहर की सप्लाई के मामले में एल्विश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। एल्विश पर आरोप है कि वो ड्रग की खरीद-फरोख्त में फाइनेंस का काम करते थे। ड्रग्स मामले में नोएडा पुलिस ने 2 नवंबर 2023 को नोएडा के सेक्टर 51 के सेवरोन बैंक्वट हॉल से 5 लोगों को गिरफ्तार किया था। कुल मिलाकर 9 सांप बरामद हुए थे, जिनमें 5 कोबरा, 1 अजगर, 2- दो मुहें सांप और एक रेड स्नैक बरामद हुआ था।

एनडीपीएस के सेक्शन 8/20 के मुताबिक, किसी व्यक्ति के पास से गांजा या गांजा जैसे किसी ड्रग्स का मिलना पाया जाए। सेक्शन 27 एनडीपीएस एक्ट के मुताबिक, किसी व्यक्ति का नारकोटिक ड्रग का इस्तेमाल करना।

14 दिन की न्यायिक हिरासत में एल्विश

एल्विश यादव को कोबरा कांड मामले में बीते दिन 17 मार्च को नोएडा पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया था। एल्विश पर आरोप है कि वो रेव पार्टियों में सांप और उनके जहर को सप्लाई करते हैं। उनपर ड्रग्स को फाइनेंस पर करने का भी आरोप है। कोर्ट के आदेश के बाद एल्विश को इस मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज गया है। वो फिलहाल जेल में बंद हैं।

एल्विश का बड़ा कुबूलनामा

लेकिन इसी बीच पूछताछ में एल्विश ने एक बड़ा खुलासा कर दिया है। उन्होंने स्वीकार किया है कि वो सांपों के जहर के सप्लाई मामले में आरोपी साथियों संग पहले भी मिल चुके हैं।

क्या है मामला?

बता दें कि कुछ महीने पहले एल्विश को दोस्तों संग एक रेव पार्टी में देखा गया था, जहां वो अपने दोस्तों के साथ दुर्लभ सांपों को गले में डालकर डांस-पार्टी एन्जॉय करते दिखे थे।

पोनमुडी को मंत्रिमंडल में दोबारा शामिल करने पर रवि और स्टालिन में टकराव

राज्यपाल के फैसले के खिलाफ द्रमुक जाएगी सुप्रीम कोर्ट

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक और राजभवन के बीच विवाद का एक और दौर शुरू होते हुए राज्यपाल आर.एन. रवि ने वरिष्ठ द्रमुक नेता और पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी को आय से अधिक मामले में मद्रास हाईकोर्ट द्वारा दोषी ठहराए जाने और तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद भी मंत्रिमंडल में फिर से शामिल करने से इनकार कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी थी। मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन की ओर से श्री पोनमुडी को मंत्रिपरिषद में फिर से शामिल करने के अनुरोध पर राज्यपाल के इनकार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सोमवार को राज्यपाल के कृत्य को अदालत की अवमानना करार दिया और उन्हें हटाने की मांग की। वरिष्ठ वकील और द्रमुक के राज्यसभा सांसद पी.विल्सन ने कहा कि श्री पोनमुडी को कैबिनेट में दोबारा शामिल करने से इनकार करने वाले राज्यपाल के फैसले के खिलाफ द्रमुक शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाएगी।

राज्यपाल ले रहे कानूनी विशेषज्ञों से सलाह: श्री स्टालिन ने बुधवार को राज्यपाल को एक पत्र भेजकर श्री पोनमुडी को मंत्रिमंडल में फिर से शामिल करने की मांग की थी और अगले दिन शपथ ग्रहण समारोह होने की भी उम्मीद थी। राज्यपाल हालांकि, गुरुवार सुबह तीन दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। जाहिर तौर पर कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करने के लिए क्योंकि शीर्ष अदालत ने केवल अंतरिम अवधि के लिए दोषसिद्धि और सजा को निलंबित कर दिया और इसे पूरी तरह से रद्द नहीं किया था। रविवार शाम को शहर लौटने पर, राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के पत्र के जवाब में कहा कि उन्होंने श्री पोनमुडी को मंत्रिमंडल में फिर से शामिल करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि ऐसा करना संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगा।श्री स्टालिन को लिखे एक पत्र में श्री रवि ने कहा कि यह ध्यान रखना उचित है कि सुप्रीम कोर्ट ने श्री पोनमुडी को अंतरिम राहत के माध्यम से दोषसिद्धि को निलंबित कर दिया था। राजभवन के सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका मतलब केवल यह है कि दोषसिद्धि हालांकि, मौजूदा थी, निष्क्रिय कर दी गई थी और रद्द नहीं की गई थी।जिन अपराधों के लिए श्री पोनमुडी को दोषी ठहराया गया था, वे भ्रष्टाचार से संबंधित बहुत गंभीर थे जो उन्होंने एक लोक सेवक के रूप में किया था।

रोड एक्सीडेंट में घायल हुईं साउथ की फेमस एक्ट्रेस अरुंधति नायर

नई दिल्ली। तमिल और मलयालम फिल्मों की फेमस एक्ट्रेस अरुंधति नायर बीते 14 मार्च को केरल के कोवलम में हुए रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक्ट्रेस इस वक्त तिरुवनंतपुरम के एक हॉस्पिटल में एडमिट हैं। यहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। अरुंधति की बहन आरती नायर ने इस खबर की पुष्टि की। आरती ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर बताया कि अरुंधति के सिर पर गंभीर चोट आई है। उन्होंने जिंदगी और मौत से जूझ रहीं एक्ट्रेस के फैंस से उनके लिए प्रार्थना करने की अपील की है। आरती ने लिखा कि हमें तमिलनाडु के अखबारों और टीवी चैनलों में छपी खबरों पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत महसूस हुई।

विदेशी छात्र नए हॉस्टल में शिफ्ट, अब तक पांच लोग गिरफ्तार

गुजरात विश्वविद्यालय में मारपीट मामला

अहमदाबाद। अहमदाबाद की गुजरात यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में पीटे गए विदेशी छात्रों के नए हॉस्टल में शिफ्ट किया गया है। साथ ही एक विदेशी छात्र सलाहकार समिति भी बनाई है। यूनिवर्सिटी ने सुरक्षा एजेंसियों को हॉस्टल की सिक्योरिटी मजबूत करने का भी निर्देश दिया है। इससे पहले 16 मार्च को अहमदाबाद यूनिवर्सिटी में अफगानिस्तान समेत कुछ विदेशी छात्रों को नमाज पढ़ने के दौरान पीटा गया था। ये विदेशी छात्र रात को नमाज पढ़ रहे थे। इस दौरान गमछा पहने और जय श्रीराम का नारा लगाते हुए भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था। हॉस्टल में पथराव और तोड़फोड़ भी की गई। हॉस्टल में नमाज पढ़ने पर हमला करने के मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डिप्टी पुलिस कमिश्नर तरुण दुग्गल का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए कोशिशें जारी हैं। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात को हुई घटना के बाद दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

Filmi तड़का

दूसरी बार मां बनेगी रीवा की राजकुमारी, चेहरा छिपाकर बिहार से भागीं मनीषा रानी

नई दिल्ली। एक्ट्रेस मोहिना कुमारी दूसरी बार मां बनने वाली हैं। पूर्व टीवी एक्ट्रेस मोहिना कुमारी सिंह ने गुडन्यूज शेयर की है। मोहिना दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। इंस्टा पर मोहिना ने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए वीडियो शेयर किया। वीडियो में उन्होंने डांस के जरिए अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस की है। मोहिना, रीवा की राजकुमारी के नाम से भी फेमस हैं। वो रीवा के महाराज पुष्पराज सिंह जूदेव की बेटी हैं। मनीषा रानी फैंस के लिए सोशल मीडिया पर कुछ ना कुछ शेयर किया करती हैं। उन्होंनेएक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो फूट-फूटकर रोती दिख रही हैं। वीडियो में वो ब्लैक कलर के दुपट्टे से चेहरा छिपाए हुए दिख रही हैं। उन्होंने लिखा- जिसके लिए घर से भागे। वही भाग गया। लगता है कि भागने का सपना इस जनम में सपना ही रह जाएगा।

100 करोड़ के क्लब में शामिल होते ही धड़ाम से गिरी फिल्म शैतान

मुंबई। 8 मार्च को रिलीज हुई आर माधवन और अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' इन दिनों पर्दे पर छाई हुई है. पहले दिन से फिल्म को पॉजिटिव रिव्यू मिल रहे हैं। काले जादू और वशीकरण पर बनी इस डरावनी फिल्म की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म का भी ट्रीटमेंट लोगों को काफी इम्प्रेस कर रहा है। रविवार को भी अजय की मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मारी है. वहीं अब फिल्म ने 11वें दिन के शुरुआती आंकड़ें सामने आ गए हैं।

11वें दिन मंडे टेस्ट में हुई विफल: विकास बहल के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म पिछले 10 दिनों से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। रविवार तक तो फिल्म ने शानदार बिजनेस किया। लेकिन सोमवार को फिल्म की कामई में भारी गिरावट देखने को मिला। 11वें दिन के कलेक्शन के शुरुआती आंकड़ें सामन आए हैं, जिसमें फिल्म की रफ्तार धीमी होती हुई नजर आ रही है। फिल्म

ने अपने रिलीज के 11वें दिन पर 1.76 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसके बाद टोटल कलेक्शन 104.81 करोड़ हो गया है। बता दें कि 11वें दिन के फाइनल आंकड़े आने अभी बाकी हैं। वहीं फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन पर नजर डालें तो इसने अब तक 145.00 करोड़ की शानदार कमाई कर डाली है। इन आंकड़ों को देखने के बाद ये कहना गलत नहीं होगा कि अजय देवगन और आर माधवन स्टारर की फिल्म दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रही है।

12वीं फैल वाले मनोज शर्मा अब बने महाराष्ट्र पुलिस के आईजी

मुंबई। 12वीं फैल वाले आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा का प्रमोशन हो गया है, अब वो महाराष्ट्र पुलिस में आईजी बन गए हैं। उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी और अपने प्रशंसकों का आभार जताया। मनोज कुमार शर्मा ने साल 2005 में यूपीएससी की परीक्षा पास की थी और उसके बाद वो आईपीएस अधिकारी बने थे। उन्हें एएसपी के रूप में पहली पोस्टिंग मिली थी।

हाल ही में आई फिल्म 12वी फैल से सुर्खियां बटोरने वाले आईपीएस मनोज शर्मा का अब प्रमोशन हो गया है। मनोज कुमार शर्मा को महाराष्ट्र पुलिस में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) से महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर प्रमोशन मिला है। उनके करियर के लिए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 2003, 2004 और 2005 बैच के आईपीएस अधिकारियों के लिए प्रमोशन की मंजूरी दी थी।

संक्षिप्त खबरें

बीस वर्ष का हुआ हायर

नई दिल्ली। हायर अप्लायन्सेज़ इंडिया ने भारत में अपनी स्थापना की 20वीं सालगिरह का जश्न मनाया। इस अवसर पर हायर इंडिया ने ओएलईडी और क्यूएलईडी टीवी, सुपर हैवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर सीरीज़, किनॉची ब्लैक एयर कंडीशनर, वॉग एवं स्मार्ट कन्वर्टीबल रेफ्रीजरेटर्स, वॉशर और ड्रायर फ्रंट लोड मशीन, कमर्शियल रेफ्रीजरेशन सोल्युशन्स एवं कमर्शियल एयर कंडीशनर्स लांच किया। स्मार्ट प्रोडक्ट्स के माध्यम से हायर इंडिया ने स्मार्ट इनोवेशन्स की रेंज का अनावरण भी किया है। जिसमें रोबो-वैक्यूम क्लीनर्स, स्मार्ट किचन अप्लायन्सेज़, माइक्रोवेव, वॉटर हीटर आदि हैं। कंपनी के प्रेसीडेंट एनएस सतीश ने कहा, 'आज का समय हायर इंडिया के लिए बेहद खास है, जब हम भारत में अपनी 20वीं सालगिरह का जश्न मना रहे हैं।

माउंटेन ड्यू का नया कैम्पेन

नई दिल्ली। माउंटेन ड्यू ने फिल्म अभिनेता रितिक रोशन के साथ समर कैम्पेन जारी किया है, जिसमें बहादुरी की मिसाल पेश करने वाली एक ऐसी कहानी है जो एक दोस्त की जान बचाने के लिए अपने डर को दरकिनार करने का संदेश देती है। आकांक्षा दलाल, कैटेगरी हैड ने कहा कि माउंटेन ड्यू के ब्रैंड एंबैसडर ब्रैंड की टैगलाइन 'डर के आगे जीत है" के पर्याय बन चुके हैं। माउंटेन ड्यू के असल अंदाज़ को साकार करने वाली इस फिल्म में कई रोमांचकारी स्टंट हैं और साथ ही जोश से भर देने वाली मनोरंजक कहानी है।

परिचालन शुरू करेगी NTPC

नई दिल्ली। एनटीपीसी ने सोमवार को कहा कि वह 20 मार्च को अपनी उत्तरी करणपुरा अत्याधुनिक बिजली परियोजना की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू करेगी। एनटीपीसी की यह परियोजना झारखंड के चतरा जिले में है। यह एक कोयला आधारित बिजली संयंत्र है। उत्तरी करणपुरा अत्याधुनिक बिजली परियोजना (3 गुणा 660 मेगावाट) की दूसरी इकाई का वाणिज्यिक परिचालन 20 मार्च को रात बजे शुरू किया जाएगा। इसके साथ एनटीपीसी की एकल वाणिज्यिक क्षमता 59,298 मेगावाट और समूह की वाणिज्यिक क्षमता 75,418 मेगावाट हो जाएगी।

रुपया चार पैसे टूटा

मुंबई। सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 82.90 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डालर के मुकाबले रुपया 82.84 पर मजबूती से खुला और शुरुआती कारोबार में 82.83 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। हालांकि, इस सप्ताह फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले अमेरिकी डालर और बांड पर प्रतिफल उच्चस्तर पर रहने के कारण रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवा दी। कारोबार के दौरान रुपया 82.91 के निचले स्तर तक गिरने के बाद 82.90 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट है।

सिट्रॉन को ईवी के लिए आर्डर

नई दिल्ली। फ्रांसीसी कार विनिर्माता सिट्रॉन ने कहा कि वह ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी को 12 माह में अपने इलेक्ट्रिक वाहन ई-सी3 की 4,000 इकाइयों की आपूर्ति करेगी। सिट्रॉन ने इलेक्ट्रिक वाहन कैब सेवा और ईवी चार्जिंग सेवा प्रदाता ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के साथ इस आशय के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। शुरुआती चरण में 125 सिट्रॉन ई-सी3 कारों को ब्लूस्मार्ट के बेंगलुरु स्थित ईवी चार्जिंग केंद्र से हरी झंडी दिखाई गई। सिट्रॉन के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा कि यह सहयोग इलेक्ट्रिक परिवहन के क्षेत्र में एक स्थायी भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है।(एजेंसियां)

यूपी में एक लाख लोगों को मिलेगी स्किल ट्रेनिंग

■ इसके लिए बेटरप्लेस का यूपी सरकार से करार ■ इस प्रशिक्षण में 25 फीसद होगी महिलाओं की संख्या

नई दिल्ली (भाषा)।

ग्राहक सेवा से सीधे जुड़े कर्मचारियों का प्रबंधन करने वाली कंपनी बेटरप्लेस ने सोमवार को कहा कि उसने 2025 तक एक लाख लोगों के कौशल विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समझौता किया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इनमें कम से कम 25 प्रतिशत महिलाएं होंगी। बयान के मुताबिक बेटरप्लेस ने उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत बेटरप्लेस के डिजिटल लर्निंग मंच की मदद से ग्राहक सेवा से सीधे जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

बेटरप्लेस के सीईओ और सह-संस्थापक प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण की मदद से कर्मचारियों को भविष्य की जरूरत के अनुसार खुद को तैयार करने में मदद मिलेगी।

■ बेटरप्लेस ने राज्य के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा व उद्यमिता विभाग से किया है समझौता

■ ग्राहक सेवा से सीधे जुड़े कर्मचारी होंगे प्रशिक्षित

■ डिजिटल लर्निंग मंच की मदद से दिया जाएगा यह प्रशिक्षण

राणे ग्रुप के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव

नई दिल्ली (भाषा)।

वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी राणे ग्रुप ने सोमवार को शीर्ष प्रबंधन में बदलाव की घोषणा की। इसके तहत एल गणेश 31 मार्च, 2024 को समूह चेयरमैन के पद से सेवानिवृत्त होंगे। राणे ग्रुप ने कहा कि इसके बाद हरीश लक्ष्मण एक अप्रैल, 2024 से समूह चेयरमैन का पद संभालेंगे।

चेन्नई स्थित समूह ने कहा कि गणेश समूह की इकाइयों में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे और राणे होल्डिंग्स के सीएमडी बने रहेंगे। वह नवम्बर 2006 में राणे समूह के चेयरमैन बने थे और उनके कार्यकाल के दौरान समूह का कारोबार 1,050 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 7,200 करोड़ रुपये हो गया।

चीन की इकोनामी में सुधार के संकेत

जनवरी फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सालाना आधार पर सात फीसद बढ़ा

हांगकांग (एपी)। चीन के विनिर्माण और निवेश में 2024 के पहले दो महीनों में सुधार हुआ है, जबकि रियल एस्टेट क्षेत्र अभी भी कमजोर बना हुआ है। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी-फरवरी में औद्योगिक उत्पादन सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़ा। यह आंकड़ा विश्लेषकों के अनुमान से बेहतर है।

जनवरी-फरवरी में रियल एस्टेट क्षेत्र सुस्त रहा और इसमें पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले नौ प्रतिशत की गिरावट हुई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के प्रवक्ता लियू एहुआ ने संवाददाताओं से कहा कि संपत्ति बाजार अभी भी बदलाव के दौर से गुजर रहा है, लेकिन इस महीने की शुरुआत में चीन के वार्षिक विधायी सत्र में घोषित नीतियों से स्थिर और स्वस्थ वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

आईटी क्षेत्र में पांच फीसद तक वृद्धि का अनुमान

मुंबई (भाषा)।

भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के राजस्व में अगले वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया।

इसके साथ ही इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आईटी क्षेत्र में वृद्धि दर की रफ्तार बढने तक भर्तियां निकट अवधि में 'सुस्त' बनी रहेंगी। हालांकि राजस्व वृद्धि पर चिंताओं के बीच कंपनियों की लाभप्रदता मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, 250 अरब डालर के भारतीय आईटी क्षेत्र के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2024-25 में 21-22 प्रतिशत के स्वस्थ स्तर पर आ जाएगा।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में उद्योग की राजस्व वृद्धि सिर्फ दो प्रतिशत रही है जबकि उसने पहले इस क्षेत्र के लिए 3-5 प्रतिशत का अनुमान लगाया था। आईटी क्षेत्र के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के पहले नौ महीनों में कुल वृद्धि 9.2 प्रतिशत के स्तर पर रही थी। इक्रा रेटिंग्स के आईटी क्षेत्र प्रमुक दीपक जोटवानी ने कहा कि अमेरिका और यूरोप के प्रमुख बाजारों में लगातार व्यापक आर्थिक प्रतिकूलता होने से वित्त वर्ष 2024-25 में भी राजस्व वृद्धि धीमी रहने की संभावना है। प्रतिकूलता के कारण कंपनियों ने विवेकाधीन आईटी खर्च कम कर दिया है।

हालांकि उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खर्च और लागत अनुकूलन सौदों में तेजी जारी होने से भारतीय आईटी सेवा कंपनियों के लिए 'कुछ हद तक' वृद्धि की संभावनाओं को समर्थन मिल रहा है।

वित्त मंत्री ने विकास एजेंडा में साझेदारी पर एडीबी के साथ की चर्चा

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के उपाध्यक्ष (बाजार समाधान) भार्गव दासगुप्ता के साथ मुलाकात में विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि दोनों ने विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाने में भारत के साथ एडीबी की साझेदारी के तरीकों पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा, 'भारत की वृद्धि में भाग लेने के लिए अन्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संस्थानों को जोड़ने के लिए एडीबी की संयोजक शक्ति का उपयोग करने पर भी चर्चा हुई।' सितम्बर, 2023 में एडीबी ने दासगुप्ता को तीन साल की अवधि के लिए उपाध्यक्ष नियुक्त किया था। इससे पहले वह आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे।

वर्ष 1966 में स्थापित एडीबी के 68 सदस्य है। यह गरीबी उन्मूलन के अपने प्रयासों को जारी रखने के साथ एक समृद्ध, समावेशी, मजबूत और टिकाऊ एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकारी विनियमन से नवोन्मेष पर लगाम

■ स्टार्टअप महाकुंभ में जी-20 समूह के शेरपा अमिताभ कांत की राय

नई दिल्ली (भाषा)।

जी20 समूह के शेरपा अमिताभ कांत ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्टार्टअप कंपनियों को पारदर्शिता और नैतिक आचरण के लिए स्व-नियामकीय पारिस्थितिकी तंत्र का पालन करना चाहिए क्योंकि किसी भी कीमत पर मूल्यांकन बढ़ाने की कोशिश कुशासन की राह पर ले जाती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर भारत एक जीवंत स्टार्टअप आंदोलन खड़ा करना चाहता है तो कोई नियामकीय हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए क्योंकि 'सरकारी विनियमन आने से नवोन्मेषण पर लगाम लगती है।'

कांत ने यहां आयोजित 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सक्षम रहा है और अगले पांच वर्षों में इसे दुनिया में स्टार्टअप का सिरमौर बनाना देश के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा, 'स्टार्टअप को स्व-नियामकीय पारिस्थितिकी तंत्र का पालन करना चाहिए क्योंकि इससे हमारे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में पारदर्शिता और नैतिक व्यवहार आएगा।'

नीति आयोग के पूर्व सीईओ कांत ने स्टार्टअप को 'राष्ट्रीय संपत्ति' बताते हुए कहा कि उन्हें सर्वोत्तम व्यवहार को लागू करना होगा और इसी तरीके से वे निवेशकों को आकर्षित कर पाएंगे और अंततः टिकाऊ वृद्धि हासिल कर पाएंगे। स्टार्टअप का वृद्धि पर ध्यान देना बेहद अहम है...लेकिन हर कीमत पर मूल्यांकन पर ध्यान कभी-कभी उन्हें कुशासन की ओर ले जाता है।'

पैसों की इच्छा नहीं, जुनून के साथ आगे बढ़ने की जरूरत : गोयल

नई दिल्ली (भाषा)। जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने सोमवार को उद्यमियों को सलाह दी कि अपने सपनों की कंपनी बनाने के लिए पैसों की इच्छा नहीं, बल्कि जुनून के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने साथ ही आगाह किया कि सिर्फ पैसा कमाने की एकमात्र इच्छा वाला उद्यम सफल नहीं होता है और वह बुरे प्रशासन के जाल में फंस सकता है। गोयल ने यहां स्टार्टअप महाकुंभ कार्यक्रम में बताया कि कैसे उनकी कंपनी आगे रहने के लिए हमेशा 'पागलपन' की तरह काम करना पसंद करती है।

पूंजी जुटाने को तैयार भारतीय स्टार्टअप

नई दिल्ली (भाषा)। उद्यम पूंजी फर्म पीक एक्सवी के प्रबंध निदेशक राजन आनंदन ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्टार्टअप इस साल 8-12 अरब डॉलर की पूंजी जुटा सकते हैं। उन्होंने यहां आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि देश का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया में सबसे जीवंत है।

चीनी उत्पादन में आई मामूली कमी

■ चालू विपणन सत्र में 280.79 लाख टन दर्ज किया गया देश का कुल चीनी उत्पादन

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत का शुद्ध चीनी उत्पादन अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मार्च तक मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रह गया है। सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा, 'मौजूदा 2023-24 सत्र में 15 मार्च, 2024 तक चीनी का उत्पादन 280.79 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख में यह आंकड़ा 282.60 लाख टन रहा था।' इस साल 15 मार्च को चालू कारखानों की संख्या 371 थी, जबकि पिछले साल इसी दिन 325 मिलें परिचालन में थीं। उत्तर प्रदेश में समीक्षाधीन अवधि में चीनी का उत्पादन पूर्व के 79.63 लाख टन के मुकाबले 88.40 लाख टन हुआ।

महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 101.92 लाख टन से मामूली गिरावट के साथ 100.50 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में यह 53.50 लाख टन से घटकर 47.55 लाख टन रह गया। हाल ही में, इस्मा ने गन्ना रस एवं बी-भारी शीरा के माध्यम से एथेनॉल विनिर्माण के लिए 17 लाख टन के 'डायवर्जन' के बाद विपणन वर्ष 2023-24 के लिए लगभग 323 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया है।

विपणन वर्ष 2022-23 के दौरान गन्ना रस और बी-भारी शीरे से एथनॉल बनाने के लिए 38 लाख टन चीनी के उपयोग के साथ शुद्ध चीनी उत्पादन 328.2 लाख टन रहा। पिछले सप्ताह इस्मा ने सितम्बर में समाप्त होने वाले विपणन वर्ष में चीनी के सकल उत्पादन के अपने अनुमान को 9.5 लाख टन बढ़ाकर 340 लाख टन कर दिया।

सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा

मुंबई (भाषा)।

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इस सप्ताह आने वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी बाजार की बढत सीमित हुई।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 104.99 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 72,748.42 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 72,985.89 अंक के ऊपरी तक गया। यह 72,314.16 अंक के निचले स्तर पर भी आया। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 32.35 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,055.70 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील में सबसे अधिक पांच प्रतिशत की बढ़त हुई।

बीमा क्षेत्र को नौ वर्ष में मिला 54,000 करोड़ रुपये का एफडीआई

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। जोशी ने बातचीत में कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसम्बर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढकर 70 हो गई। उन्होंने कहा कि बीमा उत्पादों की पहुंच वित्त वर्ष 2013-14 में 3.9 प्रतिशत थी, जो बढकर वित्त वर्ष 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डालर से बढ़कर 2022-23 में 92 डालर हो गया। बीमा पहुंच को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में बीमा प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में मापा जाता है जबकि बीमा घनत्व की गणना जनसंख्या के अनुपात में बीमा प्रीमियम के रूप में की जाती है।

बीमा कंपनियों के प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां 2013-14 में 21.07 लाख करोड़ रुपये थी जो लगभग तीन गुना होकर 60.04 लाख करोड़ रुपये हो गई। वहीं कुल बीमा प्रीमियम मार्च, 2014 के 3.94 लाख करोड़ रुपये से दोगुना से अधिक होकर 10.4 लाख करोड़ रुपये हो गया। अगस्त, 2000 में बीमा क्षेत्र को निजी खिलाड़ियों के लिए खोला गया था। वहीं विदेशी कंपनियों को 26 प्रतिशत तक स्वामित्व की अनुमति दी गई थी। उस समय से कई विदेशी कंपनियों ने बीमा क्षेत्र में निवेश किया है।

बीते वित्त वर्ष में महिलाओं की परिसर भर्ती 5% बढ़ी

मुंबई (भाषा)।

महिलाओं की शिक्षण संस्थानों से होने वाली परिसर भर्ती 2022-23 में पांच प्रतिशत बढ़ी है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में कंपनियां कार्यस्थल में समावेशन और विविधता लाने के लिए उत्सुक है।

एआई आधारित भर्ती से जुड़ी कंपनी कंपनी हायरप्रो ने सोमवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि बीते वित्त वर्ष (2022-23) में कालेज परिसरों से भर्ती वाली नई प्रतिभाओं में से 40 प्रतिशत महिलाएं थीं। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 35 प्रतिशत था। यह रिपोर्ट देश के सभी पांच क्षेत्रों- मध्य, पूर्व, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम में 5,50,000 बीटेक उम्मीदवारों के नमूना आकार के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान आंकड़ों के मूल्यांकन पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार, आईटी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) और अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) जैसे क्षेत्रों के लिए पिछले वित्त वर्ष में अधिकांश महिलाओं ने परिसर में भर्ती वाली परीक्षाओं में भाग लिया। रिपोर्ट में कहा गया कि आंकड़ों का और विश्लेषण करने पर पता चलता है कि परिसर में भर्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामले में आईटी सेवा क्षेत्र शीर्ष पर रहा है।

कश्मीर में ईवी संयंत्र लगाएगी नेक्सजेन

नई दिल्ली (एजेंसियां)। टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदाता नेक्सजेन एनर्जिया ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए विनिर्माण इकाई की स्थापना पर 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। नोएडा स्थित कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों के साथ इस इकाई की स्थापना पर बातचीत चल रही है। कंपनी इसके लिए कठुआ औद्योगिक क्षेत्र या कश्मीर घाटी में 100 एकड़ जमीन की तलाश में है।

कुछ समय पहले ही कंपनी ने गुजरात में 3,000 करोड़ रुपये की लागत से कंप्रेस बायो गैस (सीबीजी) संयंत्र लगाने की घोषणा की थी। द्विवेदी ने कहा, 'हम सरकार के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में ईवी संयंत्र लगाने पर 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। इस इकाई से लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।' इसके साथ ही नेक्सजेन एनर्जिया अगले महीने नोएडा इकाई से अपना सबसे किफायती इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन पेश करने की योजना बना रही है। इसकी कीमत 36,900 रुपये रहने का अनुमान है।

फ्लाई91 ने चार शहरों के लिए उड़ानें शुरू कीं

पणजी (भाषा)।

देश के विमानन क्षेत्र में हाल में उतरने वाली एयरलाइन कंपनी फ्लाई91 ने सोमवार को यहां से बेंगलुरु के लिए पहली उड़ान भरते ही वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि यह उड़ान गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह 7.55 बजे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिए रवाना हुई। क्षेत्रीय एयरलाइन ने सोमवार को बेंगलुरु से सिंधुदुर्ग के लिए भी अपनी पहली उड़ान का परिचालन किया। एयरलाइन कंपनी ने 1,991 रुपये के विशेष किराए (सभी कर समेत) की पेशकश की है। ऑफर फ्लाई91 के सभी उड़ान क्षेत्रों पर लागू होगा।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की कोलकाता-कोच्चि सीधी उड़ान जल्द

■ इंफाल के लिए भी अगले महीने से सीधी उड़ान ■ कोच्चि के लिए हफ्ते में छह दिन रहेगी उड़ान

कोलकाता (भाषा)।

एयर इंडिया की सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस अप्रैल में कोलकाता से इंफाल और कोच्चि के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी।

एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा, 'ये उड़ानें इंफाल के लिए प्रतिदिन और कोच्चि के लिए सप्ताह में छह दिन संचालित होंगी। कोलकाता से इंफाल के लिए विमान सुबह सात बजे उड़ान भरेगा और सुबह 8:05 बजे मणिपुर की राजधानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वापसी की उड़ान सुबह 8:35 बजे रवाना होगी और 10:20 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

कोलकाता से कोच्चि के लिए विमान सुबह 11:25 बजे उड़ान भरेगा और वापसी की उड़ान दोपहर 3:05 बजे रवाना होगी। सूत्रों ने कहा कि मार्ग एकीकरण के जरिए एयरलाइन विभिन्न घरेलू मार्गों पर अधिक उड़ानों का संचालन करेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की ग्रीष्मकालीन सारिणी में 360 से अधिक दैनिक उड़ानें

नई दिल्ली (भाषा)। एयर इंडिया एक्सप्रेस ग्रीष्मकालीन सारिणी के दौरान 360 से अधिक दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। एयरलाइन इस दौरान अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करेगी। एयरलाइन एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) के साथ विलय को पूरा करने की प्रक्रिया में है और सारिणी में दोनों एयरलाइन की उड़ानें शामिल हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि वह ग्रीष्मकालीन सारिणी में प्रतिदिन 360 उड़ानों का परिचालन करेगी। पिछले साल की ग्रीष्मकालीन सारिणी की तुलना में इस साल घरेलू उड़ानें 25 प्रतिशत ज्यादा जबकि अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 20 प्रतिशत ज्यादा होंगी।

आरसीबी की लड़कियों ने कर दिया कमाल

अब विराट कोहली एंड ब्रिगेड पर आईपीएल में बढ़ेगा दबाव

नई दिल्ली । महिला प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराकर खिताब का सूखा खत्म कर दिया है। स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली आरसीबी टीम की लड़कियों ने वो कर दिखाया है, जो विराट कोहली एंड ब्रिगेड इंडियन प्रीमियर लीग के 16 सीजन में भी नहीं कर सकी है। यह डब्ल्यूपीएल का दूसरा सीजन था, जिसे आरसीबी ने जीता है। पहले सीजन में मुंबई इंडियंस चैम्पियन बनी थी। दोनों ही बार दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। मगर महिलाओं की आरसीबी टीम के खिताब जीतने से अब कोहली एंड ब्रिगेड पर आईपीएल में दबाव बढ़ने वाला है।

बतौर आरसीबी कप्तान कोहली

कुल मैच	140
जीते	64
हारे	69
टाई	03
बेनतीजा	04

विराट कोहली की कप्तानी में अब तक एक ही फाइनल खेला

दरअसल, आईपीएल में अब तक 16 सीजन हो चुके हैं और आरसीबी टीम ने एक भी बार खिताब नहीं जीता है। विराट कोहली ने 2013 से 2021 तक आरसीबी की कप्तानी की है। इस दौरान आरसीबी एक ही बार आईपीएल फाइनल खेल सकी है। आईपीएल में अब तक आरसीबी ने 3 बार (2009, 2011, 2016) फाइनल खेला है, मगर हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी है, जबकि आरसीबी की महिला टीम ने दूसरे ही सीजन में खिताब अपने नाम कर लिया है। लड़कियों की इस सफलता ने पुरुष टीम पर भी दबाव बना दिया है।

पांच बार आईपीएल प्लेऑफ खेल चुकी है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

आईपीएल में आरसीबी टीम ने तीन बार फाइनल खेलने के अलावा 5 बार प्लेऑफ भी खेला है। मगर हर बार यह टीम अनलकी ही साबित हुई है। कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद इस वक्त फाफ डु प्लेसिस कमान संभाल रहे हैं। लड़कियों की इस सफलता के बाद अब फैन्स को आईपीएल में भी आरसीबी से उम्मीदें बंध गई हैं।

आरसीबी ने 17 साल में जीता पहला फ्रेंचाइजी टाइटल, स्मृति बोलीं- ई साला कप नामदे नहीं, ई साला कप नामदू...

2008 में लीग क्रिकेट खेलना शुरू करने वाली आरसीबी को 16 साल बाद विमेंस टीम ने कामयाबी दिलाई। आरसीबी की जीत पर मेंस टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने विमेंस टीम की कप्तान स्मृति मंधाना को बधाई दी। मंधाना ने भी मैच के बाद कहा, इस बार ई साला कप नामदे नहीं, ई साला कप नामदू। ई साला कप नामदे कन्नड़ भाषा का वाक्य है, जिसका मतलब होता है इस साल कप हमारा है। वहीं ई साला कप नामदू का मतलब इस साल कप हमारा हुआ है। मैच खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंधाना ने कहा, वीडियो कॉल के वक्त मैं विराट की बातें ठीक से सुन नहीं सकी। स्टेडियम में बहुत शोर था, लेकिन उनके चेहरे पर खुशी थी। पिछला सीजन खराब जाने के बाद उन्होंने पूरी टीम से बात कर हमें कॉन्फिडेंस दिया था। बेंगलुरु पहुंचने पर जरूर उनसे बात करूंगी। डब्ल्यूपीएल चैंपियन की ट्रॉफी लेते वक्त स्मृति मंधाना ने अपने फैंस को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैंने आरसीबी जितने लॉयल फैंस कहीं नहीं देखे। सभी हर साल कहते थे, ई साला कप नामदे, ई साला कप नामदे, तो इस बार ई साला कप नामदू। हमने फाइनली कप जीत ही लिया।

कोच भी कुछ नहीं बोले, जर्नलिस्ट ने पूछा था- किस कारण पंड्या को कप्तान बनाया

रोहित शर्मा से मुंबई इंडियंस की कप्तानी छीनने के सवाल पर हार्दिक पंड्या मौन

● मुंबई

रोहित शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन में बतौर बल्लेबाज खेलते दिखाई देंगे। आईपीएल 2024 से पहले रोहित को मुंबई इंडियंस ने कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया था। रोहित की जगह मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया है। हार्दिक पिछले दो आईपीएल सीजन में गुजरात टाइटन्स के कप्तान थे।

मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने के बाद हार्दिक पंड्या ने पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। इस दौरान हार्दिक और हेड कोच बाउचर से कई सवाल पूछे गए। एक सवाल ऐसा भी था जिसका जवाब हार्दिक ने नहीं दिया। प्रश्न था- वो क्या एक कारण रहा कि रोहित शर्मा की जगह मैनेजमेंट ने हार्दिक पंड्या को कप्तानी देने का फैसला किया? इस सवाल पर हार्दिक पंड्या चुप्पी साध गए। वहीं मुंबई इंडियंस के हेड कोच बाउचर ने भी इस प्रश्न का जवाब नहीं दिया और अगला सवाल पूछने के लिए कहा। हालांकि हार्दिक पंड्या ने जरूर रोहित शर्मा से जुड़े बाकी सवालों के जवाब दिए। हार्दिक ने कहा, सबसे पहले, यह कोई अलग नहीं होने जा रहा है, क्योंकि अगर मुझे किसी भी मदद की जरूरत होगी तो रोहित वहां मौजूद रहेंगे। साथ ही, वह भारतीय टीम के कप्तान हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में जो हासिल किया है, अब मैं उसे आगे बढ़ाना चाहता हूं। यह अजीब या कुछ अलग नहीं होगा। यह एक अच्छा अनुभव होगा। मैंने अपना पूरा करियर उनकी कप्तानी में खेला है। मुझे पता है कि पूरे सीजन में उनका हाथ हमेशा मेरे कंधे पर रहेगा।

हम फैन्स का सम्मान करते हैं...

हार्दिक पंड्या ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं, साथ ही, हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मैं प्रशंसकों का बहुत आभारी हूं। वे जो कुछ कहते हैं, उसे कहने का उन्हें पूरा अधिकार है, मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। साथ ही, हम अच्छा प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। फिलहाल आईपीएल 2024 के शुरुआती 21 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है। कुल 17 दिनों की अवधि के दौरान 21 मैच होंगे। ये 21 मैच 10 शहरों में खेले जाएंगे। आईपीएल 2024 में पहला मैच महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स और फाफ डु प्लेसिस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच 22 मार्च को रात आठ बजे से होगा।

अश्विन को नहीं मिल रहे आईपीएल ओपनिंग मैच के टिकट

सोशल मीडिया पर चेन्नई मैनेजमेंट से लगाई गुहार, 22 को मुकाबला

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन को आईपीएल 2024 के ओपनिंग मैच के टिकट नहीं मिल रहे हैं। 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में सीजन का पहला मैच खेला जाना है। अश्विन खुद राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हैं लेकिन वे अपने बच्चों के लिए ओपनिंग मैच के टिकट खोज रहे हैं। अश्विन ने टिकट के लिए सोशल मीडिया पर सीएसके मैनेजमेंट से गुहार लगाई है। अश्विन का परिवार चेन्नई में रहता है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि इस मैच के टिकट की बहुत ज्यादा डिमांड है। मेरे बच्चे ओपनिंग सेरेमनी और मैच देखना चाहते हैं। आईपीएल के टिकट सोमवार से ऑनलाइन मिल रहे हैं। पहले मैच का टिकट सोमवार को सुबह 8 बजे से मिलना शुरू हुआ। लेकिन कुछ ही समय में टिकट बिक गए। अश्विन का परिवार भी ऐप से टिकट नहीं खरीद पाया। जिसके बाद अश्विन को सीएसके मैनेजमेंट से अनुरोध करना पड़ा।

चेन्नई के पहले चरण के सभी मैचों के टिकट बिके

सीएसके को आईपीएल के पहले भाग के घोषित शेड्यूल में चार मैच खेलने हैं। जिनमें दो मैच होम ग्राउंड चेपॉक में खेलने हैं। चेन्नई के न केवल चेपॉक में खेले जाने वाले मैच के ही टिकट बल्कि अन्य जगहों पर सीएसके के खेले जाने वाले मैचों के टिकट भी बिक गए हैं। इन मैचों के टिकट के आगे कमिंग सुन लिखा आने लगा है। चेन्नई सुपर किंग्स को पहला मैच 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई में ही खेलना है। जबकि दूसरा मैच चेपॉक में ही 26 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ है। सीएसके को अपना तीसरा मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ विशाखापट्टनम में 31 मार्च को खेलना है और चौथा मैच 5 अप्रैल को सनराजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में खेलना है।

हरमनप्रीत को भारतीय हॉकी टीम की कमान

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 27 सदस्यीय टीम घोषित

नई दिल्ली । हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 की तैयारियों के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। लिटमस एक संकेतक है, जिसका उपयोग उसके रंग परिवर्तन की मदद से यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

भारतीय टीम

पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा, सुमित, संजय, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, अमीर अली, मोहम्मद राहील मौसीन, जरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास शामिल होंगे।

बीयू एफसी का सुपर लीग फुटबॉल में विजयी आगाज

भेल। ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन संबद्ध- नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के तत्वावधान में प्रथम बीएचईएल सुपर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का एनसीसी मैदान पर शुभारंभ किया गया।विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएचईएल खेल प्राधिकरण के डीजीएम एसएन तिवारी उपस्थित हुए एवं अतिथि के रूप में ऐबू यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र दाहट, बीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ खिलाड़ी जगदीश थापा एवं रघुनाथ बेसरा, बिश्वजीत मांझी, अभय मनोरंजन सेठी नीरज गुप्ता उपस्थित हुए। दिन का पहले मैच ब्लू लाइन एफसी एवं रोहतास एफसी के मध्य खेला गया, जो कि ड्रा रहा। दिन का दूसरा मैच बीयू एफसी एवं हेवी बैल एफसी के मध्य खेला गया। इसमें बीयू एफसी 2-0 से जीता। बीयू एफसी की और से ए टीग्गा ने एक गोल एवं दूसरा गोल सच्चिदानंद ने किया।

महिला हॉकी : दिल्ली ने केरल को 4-1 से हराया

पुणे। दिल्ली की हॉकी टीम ने हॉकी इंडिया 14वी सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में केरल को 4-1 से हराया। महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित चैंपियनशिप में दिल्ली की टीम की ओर सोनाली ने दो, मानसी और तान्या ने एक-एक गोल दागे। वहीं केरल की टीम की ओर श्वेता ही एकमात्र गोल कर सकी। दिल्ली के कोच सुबोध नौड़ियाल ने बताया कि दिल्ली की टीम की खिलाड़ी दिव्या को वूमेन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से हराया

चटगांव। तंजिद हसन 84 और रिशाद हुसैन नाबाद 48 रनों की पारियों की बदौलत बांग्लादेश ने तीसरे एक दिवसीय मैच में श्रीलंका चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ बांग्लादेश ने तीन मैच की श्रृंखला भी 2-1 से जीत ली है। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की अनामुल हक और तंजिद हसन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। नौंवे ओवर में अनामुल हक 12 रन को कुमारा ने आउट किया। उसके बाद 11वें ओवर में कप्तान नजमुल शान्तो भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मो. तौहीद हृदोय 22 रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। महमुदउल्लाह एक रन और मेहदी हसन मिराज 25 रन बनाकर कर आउट हुए। मुशफिकुर रहीम 37 रन पर और रिशाद हुसैन 48 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने 40.2 ओवर में छह विकेट 237 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया। श्रीलंका की ओर से लाहिरू कुमारा ने 48 रन देकर चार विकेट लिए।

टी20 वर्ल्डकप से पहले मुश्किल में पाकिस्तान

अब डेरैन सैमी ने भी कोच बनने से किया इनकार

नई दिल्ली । आईसीसी टी20 वर्ल्डकप 2024 की शुरुआत में अब ज्यादा दिन नहीं वर्ल्डकप बचे हैं। आगामी टी20 वर्ल्डकप 2 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है। इस टी20 वर्ल्डकप से पहले पाकिस्तान टीम की मुश्किल बढ़ गई है। दरअसल पाकिस्तान टीम को अब तक नया हेड कोच नहीं मिल सका है। मोहम्मद हफीज ने ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड के पिछले दौरे पर क्रिकेट निदेशक के साथ-साथ पाकिस्तान टीम के अंतरिम कोच की जिम्मेदारी निभाई थी। अब वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरैन सैमी ने पाकिस्तान टीम का हेड कोच बनने से इनकार कर दिया है। सैमी को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड सीमित ओवर्स क्रिकेट में टीम का हेड कोच बनाना था। सैमी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बताया कि वह पहले से ही वेस्टइंडीज बोर्ड के साथ सीमित ओवर्स की टीम के मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित हैं। सैमी की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने 2012 और 2016 का टी20 वर्ल्डकप जीता था। सैमी के इनकार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज के लिए किसी घरेलू कोच को अंतरिम तौर पर नियुक्त कर सकता है। सैमी से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने भी पीसीबी का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। पीसीबी के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद वॉटसन शनिवार रात स्वदेश लौट गए।

अफगानिस्तान ने आयरलैंड को टी20 में 10 रन से हराया

शारजाह। मोहम्मद नबी 59 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी और कप्तान राशिद खान के बल्ले और गेंद से हरफनमौल प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने दूसरे टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को 10 रनों से हरा दिया है। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत ठीक रही और एंडी बालबर्नी और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट 49 रन जोड़े। एंडी बालबर्नी ने टीम के लिए सर्वाधिक 44 गेंदों में 45 रनों की पारी खेली। गैरेथ डेलानी ने 18 गेंदों में 39 रन बनाए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 25 रन बनाए। लोर्कन टकर 10 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में कर्टिस कैम्फर छह रन बनाकर आउट हुए। आयरलैंड टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 10 रनों से मुकाबला हार गई। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने चार विकेट लिए। नांगेयालिया खरोटे को दो विकेट मिले।

कुश्ती | भारतीय ओलंपिक संघ ने निलंबन हटने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद तदर्थ समिति को किया भंग

पेरिस ओलंपिक से पहले डब्ल्यूएफआई को मिला फुल कंट्रोल

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद्द होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है। आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन कर लिया है। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होना है।

पिछले साल दिसंबर में बनी थी समिति : खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दांव हालांकि उस समय उल्टा पड़ गया, जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा, 'माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

संजय सिंह के नेतृत्व में नवनिर्वाचित डब्ल्यूएफआई द्वारा कथित तौर पर अपने नियमों का उल्लंघन करने के बाद 23 दिसंबर को भूपेंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता में तदर्थ समिति का गठन किया गया था। तदर्थ समिति ने इस महीने की शुरुआत में अप्रैल में किर्गिस्तान में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के लिए टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया था। इस ट्रायल में विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भी भाग लिया था। विनेश फोगाट ने 50 किग्रा वर्ग में ओलंपिक क्वालिफायर में जीत दर्ज करने में सफल रही, लेकिन बजरंग को हार का सामना करना पड़ा था।

आईओए ने डब्ल्यूएफआई को दिया ये निर्देश...

ट्रायल के सफल समापन के बाद खेल की बागडोर डब्ल्यूएफआई को सौंप दी गई है। आईओए ने डब्ल्यूएफआई को यौन उत्पीड़न और नियमों के पालन जैसे अन्य मुद्दों की चिंताओं को दूर करने के लिए एक 'सुरक्षा समिति अधिकारी' नियुक्त करने का निर्देश दिया। आईओए पत्र में कहा गया, 'यूडब्ल्यूडब्ल्यू के निर्देश के मुताबिक यह जरूरी है कि डब्ल्यूएफआई दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की चिंताओं को दूर करने और नियमों और दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द सुरक्षा समिति /अधिकारी नियुक्त करे।' इसके कहा गया, 'डब्ल्यूएफआई को स्थापित प्रक्रियाओं और दिशा निर्देशों के अनुसार समयबद्ध तरीके से एथलीट आयोग के चुनाव कराने का भी निर्देश दिया गया है।

Entertainment News



सुहाना खान को लोगों ने किया ट्रोल

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान सोशल मीडिया पर अपने एक वीडियो की वजह से चर्चा में आ गई हैं। यूं तो शाहरुख खान की लाड़ली आए दिन किसी न किसी वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। जब से सुहाना का डेब्यू हुआ है तब से उनको लेकर सोशल मीडिया पर बातें होती ही रहती हैं। वो कब क्या पहनकर आई हैं और किसके साथ दिख रही हैं इस पर फैंस भी पैनी नजरें बनाए रखते हैं। इसी बीच अब सुहाना का नहाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। ये वीडियो खुद एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया है। सामने आए इस वीडियो में शाहरुख खान की बेटी बाथटब में एन्जॉय करती दिख रही हैं और उनकी अदाएं देख अब फैंस भी सुहाना पर एक बार फिर दिल हार बैठे हैं। सुहाना खान जिस तरह से मस्ती कर रही हैं वो देख तो फैंस भी मदमस्त हो गए हैं। सुहाना को इस दौरान बेहद खुश और किसी के ख्यालों में खोए हुए देखा जा सकता है। वीडियो में सुहाना खान काफी मासूम दिख रही हैं। जिसको लेकर रमजान की बात कहते हुए सुहाना खान को ट्रोल कर रहे हैं।

बेटे अरहान के डेब्यू पर अरबाज खान ने तोड़ी चुप्पी



हाल ही में अरबाज खान-मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान और सोहेल खान-सीमा सजदेह के बेटे निर्वाण के बॉलीवुड डेब्यू की खबरें मीडिया में खूब चलीं। खबरें थीं कि खुद सलमान खान अपने दोनों भाइयों के बच्चों को लॉन्च करने का मन बना रहे हैं. हालांकि, अब अरबाज खान ने इन खबरों पर अपनी चुप्पी तोड़ी दी है और बताया कि उनका बेटा बॉलीवुड में डेब्यू करने वाला है या नहीं।

करियर को लेकर फोकस है अरहान

अरबाज खान ने कहा, अरहान की तैयारियों को देखने के बाद यह साफ है कि वह यही करना चाहता है। वह एक फिल्म स्कूल गया है और दूसरे काम भी किए हैं। अरबाज ने कहा कि उनका बेटा इस साल 22 का हो जाएगा और वह अपने करियर को लेकर फोकस है। उन्होंने अपने बेटे को हार्ट वर्किंग और डेडिकेटिड किड बताया है।

शोभिता धुलिपाला ने अपने फैशन सैंस से जीता लोगों का दिल



मंजी हुई एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला अपनी एक्टिंग के साथ साथ अपने फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। शोभिता का डेयरिंग अवतार छाया रहता है। अब एक बार फिर से शोभिता ने ऐसे फोटोशूट करा दिया है जिसने हर किसी को रोंगटे खड़े कर दिए हैं। शोभिता के इस फोटोशूट की बात करें तो इस दौरान ऑर्गेंजा बैकलैस ड्रेस में बेहद सेक्सी अवतार में दिखाई दे रही है। शोभिता के इस लुक को देखते ही हर किसी की सांसे थमी जा रही है। इसके साथ ही ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रही हैं। शोभिता ने अपने इस सेक्सी लुक को पूरा करने के लिए प्लेटेड ब्रैसलेट और बड़े इयर रिंग्स के साथ पूरा किया। शोभिता ने अपने बाल खुले रखे हुए थे इसके साथ ही उनके एक्सप्रेशन इस लुक में कहर की तरह टूट रहे हैं। शोभिता धुलिपाला हमेशा ही अपने काम और एक्टिंग को लेकर चर्चा में रहती हैं। पोन्नियन सेल्वन 2 में नजर आईं एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला हाल ही में नोपोटिज्म और मॉडलिंग छोड़ने को लेकर बात कही थी।

Bollywood Update

महारानी गायत्री देवी के किरदार में फिट होना चाहती हैं अनन्या पांडे

एक्ट्रेस अनन्या पांडे बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेज की लिस्ट में शुमार हैं। एक्ट्रेस अपनी फिल्मों से ज्यादा इन दिनों अपनी लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वो आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं। दोनों अक्सर एक साथ स्पॉट किए जाते हैं। अनन्या पांडे हाल में ही लेकमे फैशन वीक में रैंप पर अपने जलवे बिखरते नजर आईं। उनका स्टाइल कमाल का रहा। इस इवेंट के बीच एक्ट्रेस ने एक रियल लाइफ किरदार के बार में बात करते हुए कहा कि वो उसके जीवन को पर्दे पर उतारना चाहती हैं। अब ये किरदार किसी ऐसे-वैसे का नहीं बल्कि महारानी गायत्री देवी का है। अभिनेत्री अनन्या पांडे पर्दे पर जयपुर की महारानी गायत्री देवी का किरदार निभाना चाहती हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर उन्हें ऑनस्क्रीन किसी फैशन आइकन का किरदार निभाना हो तो वह कौन होंगी? अनन्या ने कहा, मुझे लगता है कि गायत्री देवी। दुनिया की सबसे

स्टाइलिश शाही महिलाओं में से एक गायत्री देवी भारत की सबसे खूबसूरत महारानी में से एक थीं। बीमारी के कारण 2009 में 90 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। गायत्री देवी का स्टाइल उस दौर में लोगों को खूब पसंद आता था। ज्वेलरी, कपड़ों से लेकर मेकअप तक, हर चीज उनकी स्टाइलिश और रॉयल होती थी। उनका हेयरस्टाइल भी काफी चर्चा में था। शॉर्ट हेयर के साथ हल्कि पेस्टल साड़ियां और डार्क कलर की लिपस्टिक में वो गजब की लगती थीं।

जयपुर के राजघराने की राजमाता गायत्री देवी का जन्म 23 मई 1919 में लंदन में हुआ था। लंदन और स्विट्ज़रलैंड में शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने जयपुर के महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय से हुआ। वॉग मैग्जीन ने उन्हें दुनिया की दस सबसे सुंदर महिलाओं की लिस्ट में शामिल किया था। अपने फैशन के बारे में बताते हुए अनन्या ने कहा, मैं वही कपड़े पहनती हूं जिसमें कंफर्टेबल महसूस करती हूं, इसलिए मैं हर समय सिर्फ अपने पाजामे में रहती हूं।

जब सुंदरता की बात आती है तो वह नेचुरल रहना पसंद करती हैं, लेकिन जब बात उनके काम की आती है तो वह प्रयोग करना पसंद करती हैं।

शहनाज गिल के फैंस ने बांधे तारीफों के पुल

इन दिनों मुंबई में आयोजित लैक्मे फैशन वीक के पांचवें दिन सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 13 से अपनी दमदार पहचान बनाने वाली और किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस शहनाज गिल ने जंपसूट में इवेंट में अपना जलवा बिखेरा और शोस्टॉपर बनीं। उन्होंने डिजाइनर दीक्षा खन्ना के लिए रैंप वॉक किया। एसिमेट्रिकल प्रिसिजन टाइटल वाले कलेक्शन में एक्ट्रेस ब्लू कलर के जंपसूट में नजर आईं। इवेंट की शोस्टॉपर रहने के बाद शहनाज गिल ने वहां मौजूद मीडिया से बात की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और खूब पसंद किया जा रहा है। अक्सर अपनी बातों



को बोल्डनेस के साथ रखने वाली शहनाज गिल ने एक बार फिर ऐसी बात कह दी, जिसने फैंस का दिल जीत लिया। वीडियो पर काफी बड़ी संख्या में फैंस कमेंट्स कर उनकी बेबाकी की तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने ये साफ तौर से कहा कि ऐसे इवेंट में भाग लेने के लिए पैसा बहुत मायने रखता है। पैसा बहुत मायने रखता है - शहनाज

मीडिया से बात करते हुए शहनाज ने कहती हैं, मुझे लगता है जब बंदा थोड़ा अमीर होने लगता है तभी ये चीजें कर पाता है। मन तो सबका करता है कि हम भी स्टाइलिश दिखें। लेकिन पैसा बहुत मायने रखता है। पैसा है को सब कर सकते हो। पैसा नहीं तो कुछ नहीं। मुझे लगता है मैं सारी ड्रेस को कैरी कर सकती हूं। बहुत कम्फर्टेबल। मेरे लिए तो यही मंत्र है- जैसी ड्रेस हो वैसे बन जाओ। जब मैं बैक स्टेज होती हूं तो मुझे थोड़ा डर लगता है। जब मैं स्टेज पर होती हूं तो मुझे बिल्कुल डर नहीं लगता, मैं सब भूल जाती हूं। इतना ही नहीं, उनका ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स और फैंस कमेंट्स कर एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांध रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, चाहे कुछ भी हो जाए वो हमेशा अपने दिल की बात कहती हैं।

रीवा अरोड़ा ने अपने फॉलोअर्स के दम पर टॉप एक्ट्रेस को भी छोड़ा पीछे

फिल्म इंडस्ट्री में कई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने बेहद कम उम्र में अपने काम के दम पर पहचान बनाई है। ये एक्ट्रेस जब फिल्मों में आईं तो साबित कर दिया कि इंडस्ट्री में उनकी पारी लंबी होगी। कुछ एक्ट्रेस ऐसी भी हैं, जिन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्मों में डेब्यू किया। जब वह बड़ी हुईं तो उन्हें पहचान पाना भी मुश्किल हो गया। आज हम आपको एक ऐसी ही एक्ट्रेस से रूबरू कराएंगे। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकीं रीवा अरोड़ा हैं, जिन्हें पहली बार विक्की कौशल के साथ फिल्म 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' में स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था। रीवा अब बड़ी हो चुकी हैं और सोशल मीडिया उनके कई फॉलोअर्स हैं।

सोशल मीडिया पर रहती हैं काफी एक्टिव

विक्की कौशल की फिल्म 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' से फेमस हुईं एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह हमेशा से अपनी सिजलिंग तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्मों में एंट्री ले चुकीं रीवा अब बड़ी हो चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अवतार देखने के बाद हर कोई शॉक्ड हो गया है। आपको बता दें कि रीवा अरोड़ा ने अपने करियर में सिर्फ चार फिल्मों में काम किया है लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग किसी टॉप एक्ट्रेस से कम नहीं है। इंस्टाग्राम पर उनके 11.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अपने फॉलोअर्स के दम पर उन्होंने बी-टाउन की कई हसीनाओं को पीछे छोड़ दिया है।

कभी हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस मानी जाती थी रीना रॉय, आज जी रही गुमनाम जिंदगी

बॉलीवुड में कई दिग्गज अदाकाराएं हैं जिन्होंने काफी कम उम्र में ही अपना एक्टिंग करियर शुरू कर दिया था और खूब सक्सेस भी हासिल की थी। आज हम आपको इस रिपोर्ट में ऐसी ही एक अभिनेत्री के बारें में बताएंगे जिन्होंने महज 15 साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था और वो हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा फीस वसूलने वाली एक्ट्रेस भी बनीं। हालांकि सफलता के साथ ही इस एक्ट्रेस के साथ विवाद भी जुड़ते चले गए और फिर उतार-चढ़ाव वाले करियर से थककर इस अभिनेत्री ने एक्टिंग को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। आज ये अदाकारा गुमनाम जिंदगी जी रही है. ये अदाकारा कोई और नहीं रीना रॉय हैं।

हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस बन गई थीं रीना रॉय

रीना का जन्म एक मुस्लिम परिवार में हुआ था और उनका असली नाम सायरा अली है। रीना ने महज 15 साल की उम्र में फिल्मों में एंट्री कर ली थी। उन्होंने 1972 में हिंदी फिल्म जरूरत में अभिनय किया था। इसके बाद रीना ने बड़ी फिल्मों में सपोर्टिंग रोल निभाए और छोटी फिल्मों में लीड रोल में भी नजर आई। 1976 का साल उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। दअसल इस साल उनकी दो फिल्में 'कालीचरण' और 'नागिन' सुपर-डुपर हिट रही जैसे ही दोनों फिल्मों

ने बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड बनाए, रीना बॉलीवुड की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस बन गई।

शादीशुदा को एक्टर संग अफेयर को लेकर विवाद

रीना रॉय अपने करियर में सफलता की सीढ़ी चढ़ती जा रही थी लेकिन उनके साथ नए-नए विवाद भी जुड़ते जा रहे थे। दरअसल फिल्म 'कालीचरण' में रीना ने शत्रुघ्न सिन्हा के साथ स्क्रीन शेयर की थी। दोनों की रोमांटिक केमिस्ट्री बड़े पर्दे पर हिट रही लेकिन जल्द ही ये भी रूमर्स फैल गए कि रीना और शत्रुघ्न के बीच रिलेशनशिप है। दिक्कत बस इतनी थी कि सिन्हा न सिर्फ रीना से 11 साल बड़े थे बल्कि शादीशुदा भी थे। हालांकि दोनों स्टार्स ने इस स्थिति के बारे में बमुश्किल बात की।

आपको बता दें कि 80 के दशक में रीना रॉय अपने करियर के पीक पर थीं। उन्होंने जीतेंद्र के साथ कई हिट फिल्में दी थीं और उनकी जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर हिट जोड़ी बन चुकी थी। हालांकि, शत्रुघ्न सिन्हा के साथ उनके अफेयर की अफवाहें लगातार उनका पीछा करती रहीं। 1983 में 26 साल की उम्र में रीना ने अपने करियर के पीक पर होने के बावजूद एक्टिंग को अलविदा कह दिया और पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से शादी करके निकाह कर लिया था और सरहद पार चली गई थीं। हालांकि रीना और पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान की शादी टिक नहीं पाई और 1992 में रीना ने मोहसिन से शादी खत्म कर दी और भारत वापस आ गईं।

टेंट गोदाम में लगी आग 25 लाख का नुकसान

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। थाना क्षेत्र के देवा नहर मार्ग पर स्थित टेंट हाउस के गोदाम में सोमवार की रात अचानक लगी आग से गोदाम में रखा टेंट डीजे साउंड सिस्टम का सारा सामान तथा एक वैगन आर कार व दो बाइक जलकर राख हो से लगी जानकारी नहीं हो पाई है। सुबह पुलिस को सूचना देने के दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक काफी देर होने के चलते सब कुछ आग की भेंट चढ़ चुका था । मालूम हो कि देवा गांव नहर मार्ग पर परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के पोते सलीम का मकान है ।जिसको भाड़ा पर लेकर जलालाबाद (पाही) निवासी विशाल यादव विक्रांत टेंट हाउस तथा विशाल डीजे साउंड सिस्टम का गोदाम बनाए हैं। सोमवार की देर रात गोदाम में विशाल यादव तथा उनका छोटा भाई आकाश यादव सो रहे थे। भोर में तीन बजे के करीब जब उन्हें गर्मी महसूस हुई तो उनकी नींद खुली देखा की बल्ब के प्रकाश में गोदाम धूं धूं कर जल रहा था। दोनों भाइयों ने बाहर निकल कर चिल्लाना शुरू किया।

मौके पर पहुंचे लोगों ने पावर हाउस पर फोन कर बिजली कटवाया इसके बाद मौके पर दुल्लहपुर थाने की पुलिस ने पहुंचकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन आग की विकरालता के चलते गोदाम के पास किसी की हिम्मत नहीं पड़ रही थी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने सबमर्सिबल से आग बुझाना चाहा लेकिन आग की विकरालता सब पर भारी थी। जिस मकान में टेंट हाउस का गोदाम था वह मकान भी कई जगह से क्रेक हो गया तथा दिवाल भी टूट गई। जहां एक तरफ फायर ब्रिगेड पानी से आग बुझा रहा था वहीं दूसरी तरफ दो सबमर्सिबल चालू कर फायर ब्रिगेड की टंकी में पानी भरने का कार्य किया जा रहा था। संजोग अच्छा यह था कि उस मकान के बगल में ही संजीत प्रजापति का प्लास्टिक पाइप का गोदाम था। अगर आग उसको अपने चपेट में ले लेती तो स्थिति और खराब हो जाती।ग्रामीणों ने पहुंचकर दीवाल से सटे पाइप को हटाकर आज को बढ़ने से रोका लगभग 2 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक लगभग सभी कुछ जलकर राख हो गया था पीड़ित टेंट हाउस के मालिक विशाल यादव ने बताया कि जिस तरह से आग लगने के के बाद बोर्ड में लाइट जल रहा था इस तरीके से शार्ट सर्किट से आग का अंदाजा लगाना संदिग्ध लग रहा है। दशहरा के करीब गोदाम में दो लोगों ने घुसकर चोरी का प्रयास किया था शोर मचाने पर दोनों भाग खड़े हुए थे। वहीं गोदाम में शहीद के पोते की कार व बाइक भी रखी गई थी अगर गोदाम के पीछे दरवाजा ना होता तो दोनों भाई भी झुलस जाते आग लगने से मकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गोदाम में रखा 450 कुर्सी, मैट ,गद्दा, चारपाई, सोफा, मेज कुर्सी सहित साउंड सिस्टम का पूरा सामान जलकर खत्म हो गया। डेढ़ सौ कुर्सी दूसरे टेंट हाउस की भी लेकर रखे थे। कुछ दिन पुरोहित टेंट हाउस का काफी मात्रा में नया सामान लेकर भी रखा गया था। आग लगने से पीड़ित फुटपाथ पर आ गया। पीड़ित विशाल यादव ने आग लगने की तहरीर दी।

पूर्व सांसद सरला भदौरिया की मनी अठारहवीं पुण्यतिथि वक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व सांसद सरला भदौरिया की 18 वीं पुण्यतिथि महंत जयराम यति इंटर कालेज सिद्धपीठ औढ़ारी मठ परिसर में मनाई गई। वक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। समाजिक सेनानी डा.एम खालिद ने कहा कि महात्मा गांधी के साबरमती व वर्धा आश्रम में रहकर देश को आजाद कराने में एक दर्जन से अधिक बार जेल की यात्रायें करके बाहर आकर सेनानी महिलाओं का नेतृत्व करने वाली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रख्यात राज्यसभा सांसद रहीं श्रीमती सरला भदौरिया जी ने अपने पति लालसेना के कमांडर पूर्व सांसद अर्जुन सिंह भदौरिया के साथ मिलकर उन्होंने देश को आजाद कराने में महती भूमिका निभाई ।उन्होंने चंबल क्षेत्र मे अपना दम दिखाते हुए। बिना खून बहाए अंग्रेजों को भगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। देश को आजाद कराने में अपने पति कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया के साथ मिलकर मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी थी। वहीं डाकुओ के आंतक के। लिए कुख्यात समझी जाने वाली चंबल घाटी मे आजादी की मुहिम अर्जुन सिंह भदौरिया ने कंमाडर के रूप मे चलाई थी और उसमें चार चांद लगाने का काम उनकी सहयात्री रहीं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीमती सरला भदौरिया ने बखूबी निभाया था।

गाजीपुर पुलिस ने किया न्यायालय द्वारा जारी 3 एनवीडब्लू वारंटीयो को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा मंगलवार को 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। उल्लेखनीय है कि मा0न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0 मुहम्मदाबाद गाजीपुर द्वारा वाद संख्या 1688/06 धारा 323/504 भादवि बनाम पप्पू सिंह पुत्र जमुना सिंह निवासी ग्राम इंदौर थाना कासिमाबाद गाजीपुर आदि 03 नफर अभियुक्तगण के विरुद्ध गैर जमानतीय वारण्ट जारी किया गया था । मा0न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारण्ट का तामिला व गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ उप निरीक्षक रविप्रकाश मय हमराह द्वारा अभियुक्तगण के निवास स्थान ग्राम इन्दौर में दबिश दी गयी। अभियुक्त पप्पू सिंह पुत्र जमुना सिंह निवासी ग्राम इंदौर थाना कासिमाबाद गाजीपुर अपने घर पर मौजूद मिले । जिन्हें मा0न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारण्ट से अवगत कराते हुए समय 11.20 बजे गिरफ्तार किया गया तथा नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक रविप्रकाश, कांस्टेबल प्रविन्द चौरसिया थाना कासिमाबाद, कांस्टेबल दिनेश यादव थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे। जबक भांवरकोल पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डी0) कक्ष सं0 03 मु०बाद गाजीपुर द्वारा जारी एसटी न० 1931/03 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना भांवरकोल से सम्बन्धित वारन्टी सुरेश पटेल उर्फ दरोगा पुत्र तिलेश्वर पटेल निवासी ग्राम शेरपुर खुर्द थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर व एसटी न० 51/17 मु0अ0सं0 51/16 व धारा 323,504,325 भा0द0वि0 बनाम पारसनाथ से सम्बन्धित वारन्टी धर्मेन्द्र पुत्र पारसनाथ शर्मा निवासी ग्राम शेरपुर खुर्द थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर को उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्र मय हमराह हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार के द्वारा उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

सीडीओ तथा डीडीओ की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल निष्पक्ष निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उदेश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता मे विकास भवन के सभागार कक्ष में लखनऊ से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरो द्वारा जनपद के नामित मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। जो जनपद के निर्वाचन में लगे कार्मिको को प्रशिक्षित करेगे। लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त कर 04 मास्टर ट्रेनर जिसमें 02 ई0बी0एम एवं 02 सामान्य ट्रेनर के माध्यम से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन सभागार में दिनांक 18 मार्च 2024 से दिनांक 19 मार्च तक कुल दो पालियों में 87 मास्टर ट्रेनर/सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईड लाईन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने मास्टर ट्रेनरों को ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण लेने को कहा, यदि इसमें कोई भी समस्या आती है तो उसे पूछकर उस समस्या का निदान कर ले, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरती नही जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त आप द्वारा ही पीठासीन अधिकारी एवं बूथ कार्मिको को प्रशिक्षित किया जाना है।

प्रदेश पुलिस और अपराधी पुरी तरह बेलगाम हो गए हैं : कमलेश यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को समाजवादी शिक्षक सभा का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष कमलेश यादव भानु के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर में पुलिस आरक्षी द्वारा मारे गये शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार के आश्रित परिजनों को 5 करोड़ का आर्थिक सहायता ,और हत्यारे चंद्रप्रकाश को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग से सम्बन्धित ज्ञापन जिलाधिकारी गाजीपुर के प्रतिनिधि उप जिलाधिकारी चन्द्रशेखर यादव को सौंपा। ज्ञापन देने के पश्चात पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष कमलेश यादव उर्फ भानु यादव ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। उत्तर प्रदेश की पुलिस और अपराधी पूरी तरह से बेलगाम हो गये है। रक्षक ही भक्षक बन बैठे हैं। इसके बावजूद योगी सरकार जीरो टॉलरेंस अपराध का दावा कर रही है। आये दिन सरेआम प्रदेश में हत्या,लूट,डकैती और बलात्कार की घटनायें हो रही है। चारों तरफ जंगलराज फैला हुआ है। योगी जी का बुलडोजर केवल सरकार के विरोधियों पर चलते हैं। उन्होंने बी एच यू की छात्रा के साथ हु ए दुष्कर्म की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जनता इंतजार कर रही है कि इस घटना के दोषी भाजपा आईटीसेल के पदाधिकारियों पर योगी सरकार का बुलडोजर कब चलेगा। योगी सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री योगी जी से इस्तीफा देने की मांग किया। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव, संजय यादव, चन्द्रिका यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अक्षय यादव, रमाशंकर यादव, मुन्ना सिंह यादव, राहुल सिंह, संतोष यादव, रामविजय यादव, राजेश कुमार यादव, कृष्ण गौतम,लाल बहादुर यादव, अशोक यादव, प्रभाकर यादव आदि उपस्थित रहे।

घर-घर लाभार्थियों को समृद्धि मोदी की गारंटी का तिलक लगाकर चलाया जाएगा जनसंपर्क महाअभियान

प्रखर रामनगर वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के अध्यक्षता में श्री राम अकैडमी रामपुर रामनगर में जिसके मुख्य अतिथि विधायक आदरणीय श्री सौरभ श्रीवास्तव जी रहे एवं मंडल प्रभारी तथा महानगर उपाध्यक्ष श्री मधुकर चित्रांश जी के उपस्थिति में कार्यशाला लगाई गई जिसमें माननीय विधायक जी ने बताया लाभार्थी महाअभियान जो 19, 20, 21 मार्च तक चलने वाले लाभार्थी संपर्क महाअभियान में लाभार्थियों को पत्रक बाटते हुए कार्यकर्ता घर-घर जाकर ह्यलाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटीह्ल का तिलक लगाकर करेंगे सम्मान तथा लाभार्थी से संपर्क के दौरान 9638002024 पर मिस्डकॉल कराया जाएगा । माननीय विधायक सौरभ श्रीवास्तव जी ने कहा हम सभी को योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थी को योजनाओं से अवगत कराना है। कि माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने जो योजनाओं को चलाई हैं वह सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची है। केंद्र सरकार ने जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतार कर जनता से किए गए एक-एक वायदों को पूरा किया है। पीएम आवास से पक्का घर में रहने का सपना साकार किया गया है। रसोई के धुएं को उज्वला की लौ से दूर किया गया है। खुले शौच पर पाबंदी के लिए शौचालय देकर घर की महिलाओं के मान-सम्मान की रक्षा की गई है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए लाभ पहुंचाया गया है। इस बार के चुनाव में आदरणीय मोदी जी को पूरे हिंदुस्तान से ज्यादा सर्वाधिक मतों से जीत दिलाने का हम सभी प्रण करते हैं । लाभार्थी संपर्क महाभियां कार्यशाला में प्रमुख रूप से महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह धीरज मोदनवाल अशोक जायसवाल लल्लन सोनकर रितेश राय कंचन निषाद अमृता दुबे सरोज पटेल अर्चना सिंह अंकित राय विनोद पटेल अभिषेक सिंह सुरेंद्रनाथ श्रीवास्तव सुनील श्रीवास्तव सुनील सिंह सुनील गुप्ता पंकज बारी भैया लाल सोनकर नरसिंह मौर्य जूही सिंह हंसराज यादव भूपेंद्र साहू सुनील मालाकार विकास बघेल देवेंद्र प्रताप सिंह अमन सोनकर पीयूष गुप्ता आकाश गुप्ता अविनाश सिंह राजाराम खरवार कैलाश कुशवाहा ऋतुराज चौबे प्रमुख रूप से रहे।

विश्व पटल पर स्थापित हो रही है हिन्दी भाषा : डा. विजयानन्द

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारत की अनेकता में एकता का सूत्रधार हिन्दी हमारे संस्कृति और संस्कार को प्रदर्शित करती है। विश्व की प्राचीन, समृद्ध और सीधी, सरल भाषा होने के साथ-साथ हिन्दी पूरे हिन्दुस्तान को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी विश्व के अनेकों देशों में वातार्लाप में प्रयोग हो रही है। उक्त वक्तव्य वैश्विक हिन्दी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विजयानंद ने पी.जी. कालेज मलिकपूरा में आयोजित 'हिन्दी का वैश्विक स्वरूप' विषयक गोष्ठी में व्यक्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में सोमवार की शाम आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. विजयानंद ने राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय फलक पर हिंदी की स्थिति पर व्यापक चर्चा की। हिंदी भाषा का प्रसार अब विश्वव्यापी हो चुका है और इसके प्रसारित करने में हिंदी साहित्यकारों की लेखनी और हिंदी फिल्मों की खास भूमिका रही है। आज हिंदी साहित्य व फिल्मों को विश्व के कई भाषाओं में डव किया गया है। हिंदी साहित्य व फिल्मों के जरिए कई देश के लोग हिंदू संस्कृत से जुड़े हैं। हिन्दी की लोकप्रियता का अंदाजा तो इसी बात से होता है कि आज पूरे विश्व में बोली जाने वाली भाषाओं में हिन्दी तीसरे स्थान पर प्रतिष्ठित है। हिन्दी की उपयोगिता को देखते हुए 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राष्ट्र भाषा के रूप में मान्यता और हिंदी को राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के रूप में चुनने का निर्णय लिया। संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को राष्ट्र की भाषा के तौर पर मान्य किया। यह निर्णय 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान के लागू होने के साथ ही प्रभावी हो गया। वरिष्ठ पत्रकार डॉ0 ए.के. राय ने हिन्दी के प्रचार प्रसार में हिन्दी पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में हिन्दी समाचार पत्रों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाई और जनमानस को हिन्दी के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में हिन्दी की उपादेयता पर चर्चा करते हुए कहा कि आज विभिन्न देशों के लोग हिन्दी के प्रति आकर्षित होकर हिन्दी सीख रहे हैं। आज हिन्दी की वैश्विक पहचान बन चुकी है। इनमें हिन्दी फिल्मों का भी योगदान रहा है।उन्होंने हिन्दी भाषा व साहित्य की सेवा में लगे साहित्यकारों और हिन्दी के प्रति जागरूक व समर्पित लोगों से सीख लेने की सीख दी। इससे पूर्व महाविद्यालय परिवार की तरफ से वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ0 चंद्रभान सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्प-गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 दिनेश सिंह, डॉ0 प्रिंस कसौधन, डॉ0 अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, दीपक कुमार यादव, चंदन यादव, श्रीमती अंजली यादव, डॉ0 कुंजलता, चंदन कुमार, शमशुल कमर, निसार अहमद, शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ0 अजय चौहान, श्रीमती सुमन सिंह सहित छात्र -छात्राएं मौजूद रहीं। विषय परिचय प्रवक्ता वासुदेवन मणि त्रिपाठी, संचालन डॉ0 सर्वेश पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ शिव प्रताप यादव ने किया।

बगैर पूवार्नुमति के मुख्यालय छोड़ा तो होगी कठोर कार्यवाही : जिलाधिकारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल निष्पक्ष निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उदेश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष को बताया कि भारत निवार्चन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी की जा चुकी है। तत्क्रम में जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू/प्रभावी हो गयी है। जनपद गाजीपुर में सातवें चरण में मतदान होना है। निर्वाचन कार्य में जनपद में तैनात समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। उन्होने जनपद के समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कोई भी जनपद स्तरीय अधिकारी अधोहस्ताक्षरी की पूवार्नुमति प्राप्त किये बिना जनपद मुख्यालय नहीं छोड़ेगें चाहें सार्वजनिक अवकाश ही क्यों न हों। यदि किसी भी अधिकारी द्वारा इस दौरान अधोहस्ताक्षरी की पूवार्नुमति प्राप्त किये बिना जनपद मुख्यालय से बाहर जाने का प्रयास किया जाता है अथवा अपना मोबाईल नम्बर बन्द रखा जाता है तो सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके अतिरिक्त जिन अधिकारियों की निर्वाचन में प्रत्यक्ष रूप से किसी भी पद पर तैनाती की जा चुकी है तथा जिन अधिकारियों की तैनाती प्रत्यक्ष रूप से नहीं की गयी है। अथवा आरक्षित श्रेणी में लगायी गयी है के साथ-साथ अन्य समस्त विभागीय अधिकारीगण जो जनपद में तैनात है वे अनिवार्य रूप से बिना अधोहस्ताक्षरी के पूवार्नुमति के किसी भी स्थिति में मुख्यालय नहीं छोड़ेगें।

संक्षिप्त खबरें

30 वर्षों से लोगों को अखबार पढ़ाने वाले हाकर उदयभान सिंह 'दाऊ' का निधन

प्रखर मोढ़ैला जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा बलुआ निवासी उदयभान सिंह दाऊ का निधन हो गया। 30 वर्षों से अधिक समय से लोगों को अखबार पढ़ाने वाला आज खामोश हो गया। और खुद ही आज अखबारों की सुर्खियां बना गया। बता दे कि उदयभान सिंह पूरे क्षेत्र में हाकर दाऊ के नाम से मशहूर थे। ग्रामीण क्षेत्र में सुबह सुबह अखबार देने का काम किया करते थे। बता दें कि करीब 35 वर्षों से विभिन्न अखबारों को लोगों के घरों में पहुंचाते और उन्हें अखबार पढ़ाते। अगर वह नहीं आते तो लोगों तक अखबार नहीं पहुंच पाता और लोग बेचैन हो जाया करते। लेकिन अचानक सोमवार को रात भोजन करने के बाद सोने गए और फिर सुबह नहीं उठे। उनके निधन के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शोक संवेदना व्यक्त करने और अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले वालों की संख्या लगातार बढ़ती गई।

सर्वर की समस्या से खाद्यान्न वितरण ठप

प्रखर वाराणसी। जनपद में नई वोईग कांटा मशीन लगाया गया है जिससे गरीब जनता को खाद्यान्न वितरण करना है। लेकिन यह मशीन माह फरवरी में जनपद में लगाया गया। लेकिन नेटवर्क की समस्या से पिछले महीने ऐसे तैसे खाद्यान्न वितरण हुआ। लेकिन इस महीने तो हद हो गई।15-3-2024से खाद्यान्न वितरण की तिथि घोषित किया गया है लेकिन आज तक ज़िले में अधिकांश मशीनें खुलीं ही नहीं। कार्डधारकों की दुकानों पर लम्बी लम्बी लाइनें लगी रहतीं हैं अधिकांश दुकानों पर कार्डधारकों और कोटेदार के बीच मारपीट की भी खबर सामने आ रही है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने बताया कि आगे होली का त्यौहार है गरीब जनता खाद्यान्न के लिए परेशान हैं पत्रक के माध्यम से आयुक्त अपर आयुक्त जिला पूर्ति अधिकारी को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है।अगर ऐसा ही रहा तो सभी मशीनें जिला पूर्ति कार्यालय में जमा कर दी जायेगी।यह समस्या पूरे प्रदेश में हों रहा है। जनता यह कहती हैं कि यह सिस्टम नया बहुत ही खराब हैं।तीन दिनों से कोटे की दुकान का चक्कर लगा रहे हैं।

तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में भंदहा कला (कैथी) ग्राम स्थित संस्था के प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित युवाओं का तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को सम्पन्न हुआ. 17 से 19 मार्च तक आयोजित इस शिविर में उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश से आये कुल 30 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। शिविर में प्रशिक्षिका के रूप में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्त्री जागृति राही ने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता को जाति, धर्म, संप्रदाय, लिंग, आर्थिक स्थिति जैसे अवरोधों को त्यागते हुए समाज के मुद्दों पर अपनी समझ बनानी चाहिए उसके बाद क्रमशः सामूहिक कोशिश से समस्याओं का समाधान खोजने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए. उन्होंने आजादी के संघर्ष से लेकर संविधान निर्माण तक में महिलाओं के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में महिलाओं ने बड़ा त्याग किया है। आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों में बंटे हुए लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, न्याय और सम्मान जैसे मुद्दों पर संगठित करने के लिए सामाजिक कार्यकताओं को बड़ी भूमिका लेनी होगी जिससे सभी का जीवन खुशहाल हो. एक सामाजिक कार्यकर्ता को एक उत्प्रेरक की भूमिका निभानी चाहिए और लोगों को जागरूक करना चाहिए। लोक चेतना समिति के सुरेन्द्र सिंह कहा कि आज युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित है उनकी समाज के प्रति कुछ कर्तव्य और जिम्मेदारियां है जिनका निर्वहन करने के लिए उन्हें अपने अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों को भी समझना पड़ेगा. दखल संगठन की डॉ इंदु पांडेय ने महिलाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए आगे आने को प्रेरित करने का सुझाव दिया और कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से उन पर होने वाले अत्याचारों में स्वाभाविक रूप से कमी आएगी। प्रतिभागियों ने शिविर के दौरान चिरईगांव, चोलापुर और आराजीलाइन विकास खंड के कुछ गांवों में भ्रमण करके पंचायती राज द्वारा कराये गये विकास कार्यों का भी अवलोकन किया. शिविर में सूचना का अधिकार कानून, शिक्षा का अधिकार कानून, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून, आंगन बाड़ी, आशा कार्यकर्त्री, स्वयं सहायता समूह, विद्यालय प्रबंध समिति, भूमि अधिग्रहण कानून, पंचायती राज, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सरकारी योजनाओं, महिलाओं के अधिकार जैसे मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी. इस दौरान गंगा किनारे सफाई अभियान भी किया गया. प्रशिक्षण शिविर के आयोजन में रोहन, प्रदीप सिंह, अवंतिका, धनञ्जय नीरज, दीन दयाल सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं